RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

## संसद हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद पर हमले की 23वीं बरसी आज है। इस हमले में शहीद हुए जवानों को संसद में श्रद्धांजलि दी गई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसदों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# संसद में घमासान

# मजदूर VS किसान

### मैं किसान का बेटा हूं : धनखड़

### मैं मजदूर का बेटा हूं : खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में शुक्रवार को जबरदस्त हंगामा हुआ। सदन में सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता माल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। सभापति ने कहा कि जब आप मेरा सम्मान नहीं करते तो मैं आपका सम्मान क्यों करूं। वहीं खड़गे ने कहा कि सभापति विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं करते और विपक्ष के नेताओं को बोलने का मौका नहीं देते। हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

शुक्रवार को राज्यसभा में खूब हंगामा हुआ। इस दौरान राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़





विपक्ष पर भड़क उठे। उन्होंने कहा कि आपको एक किसान का बेटा बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इस पर कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने जवाब देते हुए कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं भी मजदूर का बेटा हूं।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और सभापति जगदीप धनखड़ के बीच तीखी बहस हुई। बहस के दौरान खड़गे ने कहा कि हम यहां देश के लिए हैं आपकी तारीफ सुनने के लिए नहीं हैं। विपक्ष को बोलने का मौका नहीं मिलता विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं करते। इस पर धनखड़ ने कहा कि देश जानता है कि आपको किसकी तारीफ पसंद है। खड़गे ने कहा कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पुष्पा फेम अल्लू अर्जुन गिरफ्तार



**हैदराबाद (एजेंसी)।** इस समय की सबसे बड़ी खबर हैदराबाद से आ रही है। पुष्पा फेम अभिनेता अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें बंजारा हिल्स घर से गिरफ्तार किया गया है। पुष्पा फेम अभिनेता अल्लू अर्जुन को भगदड़ की घटना में एक महिला की मौत के मामले में गिरफ्तार किया है।

आपको बता दें कि पुष्पा-2 फिल्म इस समय पूरी दुनिया में धूम मचा रही है। फिल्म एक हजार करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। पिछले दिनों पुष्पा-2 फिल्म का प्रीमियर हुआ था। यहां संध्या थियेटर में प्रीमियर के दौरान भगदड़ मच गयी थी जिसके बाद एक महिला की मौत हो गयी थी। इस मामले में हैदराबाद पुलिस ने अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया है।

## प्रभारी मंत्री ने किया जिला अस्पताल में NRC का निरीक्षण

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-39 स्थित राजकीय चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आज उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने दौरा किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों तथा अन्य विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में स्थापित 10 बेड के पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया।

प्रभारी मंत्री ने अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने साफ-सफाई व अन्य सुविधाओं व रखरखाव को लेकर



संतोष जताया। प्रभारी मंत्री के साथ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार शर्मा, अस्पताल की अधीक्षक (सीएमएस) (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो युवकों ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर दो युवकों ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिस कारण आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है।



थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि हौजरी कॉम्प्लेक्स स्थित एक निर्माणाधीन कंपनी में एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। मृतक की पहचान आजमगढ़ निवासी अमन पुत्र जितेंद्र निषाद के रूप में हुई अमन लिफ्ट इंस्टॉलेशन का काम करता था। निर्माणाधीन कंपनी में भी वह लिफ्ट का काम कर रहा था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। वहीं थाना क्षेत्र के रवि एंक्लेव में रहने वाले सरवन प्रजापति को परिजन गंभीर स्थिति में सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी में बताएं की मूल रूप से जनपद मऊ का रहने वाला सरवन वर्तमान में रवि एंक्लेव में रह रहा था। परिजन उसे फोन मिला रहे थे लेकिन उसका फोन पिक नहीं हो रहा था इसके बाद परिजन उसके कमरे पर पहुंचे तो वह उन्हें फंदे पर लटका हुआ मिला। सरवन के जीवित होने की आस में परिजन उसे यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के मुताबिक सरवन के पास से भी कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। दोनों युवकों ने आत्महत्या क्यों की इन कारणों की जांच की जा रही है।

## आरबीआई को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक को शुक्रवार को एक धमकी भरा ईमेल मिला। इसमें आरबीआई के मुंबई कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरा मेल आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की आधिकारिक ईमेल आईडी पर आया। धमकी रूसी भाषा में दी गई। धमकी भरे ईमेल के बारे में जानकारी मिलने पर मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत भेजने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह धमकी भरा मेल आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद आया है। उन्होंने शक्तिकांत दास की जगह ली है, जिन्होंने छह साल तक इस पद की जिम्मेदारी संभाली थी। राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने चुना था। (शेष पृष्ठ-3 पर)




## अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**नोएडा (चेतना मंच)।** अमेरिकी नागरिकों को टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर ठगने वाले कॉल सेंटर का थाना सेक्टर-63 पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यहां से 78 लोगों को हिरासत में लिया है। कॉल सेंटर से पुलिस ने बड़ी संख्या में लैपटॉप, डेस्कटॉप, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर-63 में चल रहे एक कॉल सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने यहां से करीब 78 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस को पिछले दिनों सूचना मिली थी कि सेक्टर 63 में चल रहे कॉल सेंटर के द्वारा अमेरिकी नागरिकों को ठगने का काम किया जा रहा है। कॉल सेंटर कमी अमेरिकी नागरिकों को फोन कर टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर सहायता देने का प्रस्ताव रखते थे। इसकी एवज में वह उनसे पैसे वसूलते थे।

## फर्जीवाड़ा कर बैंक से निकाली नगदी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बेटे के इलाज के लिए बैंक से पैसे निकालने गया एक व्यक्ति उस समय हक्का-बक्का रह गया। जब बैंक कर्मियों ने बताया कि उसके खाते में पैसे नहीं है। पीड़ित ने जब स्टेटमेंट निकलवाई तो पता चला कि चार लोगों ने फर्जीवाडा कर फर्जी तरीके से 13,75000 रुपए निकाल लिए हैं। पीड़ित ने थाना रबूपुरा में चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम कालूपुर निवासी हरिप्रकाश में दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि झज्जर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में उसका बचत खाता खुला हुआ है। 12 सितंबर 2024 को वह अपने बेटे के इलाज के लिए पैसे निकालने के लिए बैंक की शाखा में गया। बैंक कर्मियों ने बताया कि जितना पैसा वह निकलना चाह रहा है उतना पैसा उनके खाते में नहीं है। इस पर उसने अपने खाते की स्टेटमेंट निकलवाई तो उसके होश उड़ गए। स्टेटमेंट के जरिए पता चला कि 23 अप्रैल से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नशा मुक्ति केन्द्र के वॉर्डन की हत्या में चार गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के ग्राम समाउद्दीनपुर में स्थित नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती चार नशेड़ियों ने युवक को चाकू से गोद कर बेहरमी से मौत के घाट उतार दिया था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि ग्राम समाउद्दीनपुर स्थित नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र में जनपद ग्राम निवासी (27 वर्षीय) अरविंद को परिजनों ने 6 दिसंबर को भर्ती कराया था। उसे पहले भी कई बार नशा छुड़ाने के लिए परिजनों ने केंद्र में भर्ती कराया था। नशा मुक्ति केंद्र में काम करने को लेकर वह अन्य नशेड़ियों पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## क्रेटा कार व 10 लाख न मिलने पर गर्भवती बहु पर ढहाये जुल्म

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मायके से दहेज में क्रेटा कार व 10 लाख रुपए न लाने पर दहेज लोभी ससुरालियों ने 8 माह की गर्भवती महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति व ससुराल वालों ने उसकी तथा उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की भी हत्या करने का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत पर थाना दनकौर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



जनपद बुलंदशहर निवासी पूनम (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी ग्राम मिल्क लच्छी निवासी अनमोल के साथ हुई थी। शादी के समय (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सेक्टर-46 पहुंची 'नोएडा आपके द्वार' की टीम

### निरीक्षण कर सुनी समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा आपके द्वार के तहत नोएडा प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-46 में सेक्टरवासियों की समस्याएं सुनी तथा समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान सेक्टरवासियों ने कुल 22 समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिसमें सिविल से जुड़ी 9, उद्यान विभाग की 6, जल की 2, जन स्वास्थ्य की 2, विद्युत एवं यांत्रिकी-2 तथा नियोजन विभाग से जुड़ी 1 समस्याएं रखीं।

इस दौरान सेक्टर-46 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी तथा सदस्यों के अलावा वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक राजकमल सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (जल खंड-3), वरिष्ठ प्रबंधक (वि/यां) तथा अन्य स्टाफएवं सेक्टरवासी मौजूद थे।

## हत्या के मामले में पैरवी करने पर धमकाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** भतीजे की हत्या के मामले की पैरवी कर रहे व्यक्ति के साथ आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने पीड़ित को धमकाया कि अगर उसने मामले की पैरवी की तो उसे भी मार दिया जाएगा। ग्राम पाली निवासी चाहत राम ने बताया कि वर्ष 2022 में उसके भतीजे रॉबिन की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गांव के ही सुबोध ने उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। यह मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले की तारीख पर वह सूरजपुर स्थित न्यायालय आया हुआ था। तारीख पर पेश होने के पश्चात वह अपने घर जा रहा था इस दौरान बाहर सड़क पर उसे आरोपी रवि सागर पुत्र रामवीर निवासी ग्राम पाली ने रोक लिया और गाली गलौज की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गांवों के विकास में तेजी लाई जाए: डा. लोकेश एम

### ओएसडी की अध्यक्षता में 5 वर्क सर्किल की हुई बैठक

#### गांवों के विकास के लिए 60 करोड़ राशि स्वीकृत : विजय रावल

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने मातहत अधिकारियों को आदेश दिये कि गांवों में विकास के लिए सिविल कार्यों में तेजी लाई जाए। यह जानकारी विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) महेन्द्र प्रसाद ने दी है।

उन्होंने बताया कि वर्क सर्किल 1-5 तक के क्षेत्र में आने वाले गांवों के विकास को लेकर अधिकारियों की बैठक की गई। जिसमें उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल समेत पांचों वर्क सर्किल के वरष्ठि प्रबंधक भी मौजूद थे। इस मौके पर गांवों के विकास को तेज कराये जाने पर भी समीक्षा की गई।




उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल ने बताया कि ग्राम विकास के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 60 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रेरक पदयात्रा

देश में नासूर बनते नशे के खिलाफ अभियान में यदि 114 वर्षीय धावक फौजा सिंह प्रेरक पदयात्रा कर सकते हैं तो ऊर्जावान युवा-बुजुर्ग क्यों नहीं। 'नशा मुक्त-रंगला पंजाब' अभियान के अंतर्गत निकाले गए नशा विरोधी मार्च में मंगलवार को मैराथन धावक फौजा सिंह के साथ ही पंजाब के राज्यपाल अस्सी वर्षीय गुलाब चंद कटारिया की आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा सुर्खियों में रही। निश्चित रूप से पंजाब सरकार की पहल अनुकरणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी बड़ा सामाजिक बदलाव का आंदोलन व्यापक जन भागीदारी से ही सिरे चढ़ सकता है। आज पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों में युवा पीढ़ी जिस भयावह तरीके से नशे के दलदल में धंसती जा रही है, वह राष्ट्र के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसका मुकाबला सरकारों के साथ आम आदमी के जुड़ाव से ही संभव है। निश्चित रूप से ऐसी पदयात्रा सिर्फ राजनीतिक निहितार्थों और प्रतीकात्मक रूप से आयोजित नहीं होनी चाहिए। ऐसे अभियान को आंदोलन का रूप देकर इस तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही इस तरह के अभियानों से हासिल उपलब्धियों का मूल्यांकन भी जरूरी है। निस्संदेह, औपचारिकताओं के निर्वहन और मीडिया में सुर्खियां बटोरना ऐसे आंदोलन का लक्ष्य तो कदापि नहीं हो सकता। राज्यपाल महोदय का यह कथन सोलह आने सच है कि इस मुद्दे पर बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही महिलाओं की इस आंदोलन में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। निस्संदेह, नशे के नश्तर से महिलाओं को मर्मांतक पीड़ा सहन करनी पड़ती है। अब चाहे पति हो या बेटा, नशे की लत लगने से पूरा परिवार ही संकट में आ जाता है। इसमें दो राय नहीं कि जब पंजाब की नारी शक्ति एकजुट होकर इस मुहिम का नेतृत्व करेगी तो पंजाब अपने स्वर्णिम दिनों की ओर लौट सकता है। निश्चित रूप से किसी राज्य या देश की जवानी का नशे के सैलाब में डूबना राष्ट्रीय क्षति ही है। इसके लिये नशे की आपूर्ति रोकने से लेकर प्रयोग तक पर नियंत्रण की राष्ट्रव्यापी मुहिम की जरूरत है। निस्संदेह, नशे के तेजी से बढ़ते शिकंजे से न केवल असामयिक मौतों, लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ता है, बल्कि समाज में अपराधों का सिलसिला भी तेज हो जाता है। देखने में आया है कि बड़े अपराधों से लेकर चोरी छीनाझपटी की घटनाओं के मूल में नशाखोरी की भूमिका होती है। कई आपराधिक घटनाओं के मूल में उन कालेज जाने वाले छात्रों की भूमिका पायी गई है, जो नशे के लिये पैसा जुटाने के लिये अपराध की अंधी गलियों में उतर जाते हैं। यह जानते हुए भी यह रास्ता उनके जीवन को बर्बादी की राह पर ले जाता है। निश्चित रूप से समाज विज्ञानियों को भी व्यापक अध्ययन करना चाहिए कि क्यों नई पीढ़ी नशे की ओर तेजी से उन्मुख हो रही है। एक समय था कि पंजाब में आतंक फैलाने के खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये सीमा पार से नशे की बड़ी खेप पंजाब भेजी जाती रही है। चरमपंथियों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिये भी इस षड्यंत्र को सुनियोजित तरीके पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों ने अंजाम दिया। हाल के दिनों में बीएसएफ ने पाकिस्तान की सीमा से लगते भारतीय इलाकों में ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगायी है। निश्चित रूप से पहले कदम के रूप में सीमाओं को नशे की तस्करी से निरापद बनाने की जरूरत है। वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल उन काली भेड़ों को भी बेनकाब करने की जरूरत है जो नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। साथ ही नशे से पीड़ितों को इस दलदल से बाहर निकालने के लिये नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक उपचार देने की भी जरूरत है। निश्चित रूप से नशा पंजाब के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जिसके खिलाफ साझा लड़ाई से ही हम कामयाब हो सकते हैं। सही मायनों में यह स्थिति इस संवेदनशील सीमांत राज्य के लिये ही चुनौती नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संकट की भी आहट है। केंद्रीय एजेंसियों व पंजाब के शासन-प्रशासन को मिलकर नशे के समूल नाश के लिये व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यह सुनकर पार्वतीजी मुस्कुराकर बोलीं- हे विज्ञानी मुनिवरों! आपने उचित ही कहा। आपकी समझ में शिवजी ने कामदेव को अब जलाया है, अब तक तो वे विकारयुक्त (कामी) ही रहे!॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हमरें जान सदासिव जोगी। अज अनवद्य अकाम अभोगी॥**

**जौं मैं सिव सेये अस जानी। प्रीति समेत कर्म मन बानी॥**

किन्तु हमारी समझ से तो शिवजी सदा से ही योगी, अजन्मे, अनिन्द्य, कामरहित और भोगहीन हैं और यदि मैंने शिवजी को ऐसा समझकर ही मन, वचन और कर्म से प्रेम सहित उनकी सेवा की है॥

**तौ हमार पन सुनहु मुनीसा। करिहहिं सत्य कृपानिधि ईसा॥**

**तुम्ह जो कहा हर जारेउ मारा। सोइ अति बड़ अबिबेकु तुम्हारा॥**

तो हे मुनीश्वरो! सुनिए, वे कृपानिधान भगवान मेरी प्रतिज्ञा को सत्य करेंगे। आपने जो यह कहा कि शिवजी ने कामदेव को भस्म कर दिया, यही आपका बड़ा भारी अविवेक है॥

**तात अनल कर सहज सुभाऊ। हिम तेहि निकट जाइ नहिं काऊ॥**

**गएँ समीप सो अवसि नसाई। असि मन्मथ महेस की नाई॥**

हे तात! अग्नि का तो यह सहज स्वभाव ही है कि पाला उसके समीप कभी जा ही नहीं सकता और जाने पर वह अवश्य नष्ट हो जाएगा। महादेवजी और कामदेव के संबंध में भी यही न्याय (बात) समझना चाहिए॥

(क्रमश:..)

# भाजपा के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए।

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह



***कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है।***

तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल, सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। भाजपा को मात देने के लिए रणनीति के साथ जनता के बीच लगातार जुटे रहने की जरूरत है।

बात बीएसपी की की जाए तो हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है।

जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था। इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं। वैसे तो मायावती सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। पहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो ने पुराने बसपाइयों को भी वापस आने का बुलावा दिया है।

**-अजय कुमार**

## देश-विदेश में प्रासंगिक श्रीमद्भगवद गीता

श्रीकृष्ण तथा सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन का कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर संवाद श्रीमद्भगवदगीता वैश्विक स्तर पर प्रेरणा बन चुका है। करोड़ों लोग भगवदगीता के प्रति सम्मान भाव रखते हैं। सबसे ताकतवर मुल्कों में शुमार अमेरिका की 'नेशनल इंटेलीजेंस एजेंसी' की प्रमुख 'तुलसी गबार्ड' ने सन् 2016 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सांसद पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ली थी। अमेरिका की नेशनल गार्ड यूनिट में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर तुलसी गबार्ड इराक व कुवैत जैसे देशों में सैन्य मिशन का हिस्सा रह चुकी हैं। ब्रिटेन की संसद 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में कश्मीरी पंडितों के पलायन तथा वर्तमान में बांग्लादेशी हिंदुओं की आवाज बुलंद करने वाले ब्रिटिश सांसद 'बॉब ब्लैकमैन' 'पद्मश्री' ने सन् 2020 में सांसद पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ली थी। बॉब ब्लैकमैन ने ही कश्मीर पलायन को नरसंहार की श्रेणी में रखने की मांग की थी। 'ऋषि सुनक' ने हाउस ऑफ कॉमन्स में ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ली थी। ऋषि सुनक के अनुसार तनावपूर्ण हालात में गीता कर्त्तव्य पथ पर अडिग रहने का ज्ञान प्रदान करती है। आस्ट्रेलिया के भारतवंशी सांसद 'डेनियल मुखे' ने सन् 2015 में तथा वर्ल्ड बैंक के पूर्व सलाहकार बैरिस्टर 'वरुण घोष' ने इसी वर्ष आस्ट्रेलिया की संसद में सीनेटर पद की शपथ गीता पर हाथ रखकर ग्रहण की थी।

अमेरिका के मैरीलैंड राज्य की गर्वनर 'अरुणा मिलर' तथा ब्रिटेन की सांसद 'शिवानी राजा' व 'कनिष्क नारायण' जैसे भगवद्गीता को साक्षी मानकर शपथ लेने वाले भारतीय मूल के विश्व में कई नेता हैं। अमेरिका की 'सुनीता विलियम्स' व हालीवुड अदाकार 'बिल स्मिथ' जैसे विदेशी लोग गीता को प्रेरणा मानते हैं। मशहूर वैज्ञानिक 'होमी जहांगीर भाभा' भी गीता को प्रेरणास्रोत ग्रंथ मानते थे। ओपेनहाइमर ने विज्ञान के कई रहस्यों को समझने में भगवदगीता से प्रेरणा ली थी। परमाणु परीक्षण के बाद ओपेनहाइमर को श्रीकृष्ण का विराट रूप याद आया था। भगवदगीता का अनुवाद कई भाषाओं में हो चुका है। मगर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में धर्म निरपेक्षता की चिल्मन तथा वोट बैंक की सियासत के चलते ज्ञान का सागर भगवदगीता तथा वैदिक साहित्य उपेक्षित हो चुके हैं। देश में कई संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, सुरक्षा एजेंसियों, सर्वोच्च न्यायलय, भारतीय संसद व सेना के आदर्श वाक्य भगवदगीता, रामायण, महाभारत व उपनिषदों से लिए गए हैं। रामायण व महाभारत जैसे महाकाव्यों पर फिल्में व सीरियल बनाकर बालीवुड के अदाकार करोड़ों रुपए कमा लेते हैं। धार्मिक मुद्दों को आधार बनाकर सियासी रहनुमां लोकतंत्र के शीर्ष पर विराजमान हो जाते हैं। चंद्रवंशी व सूर्यवंशी क्षत्रियों की शौर्यगाथाओं का गुणगान करके तथाकथित धर्माचार्य करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। धर्म के नाम पर टीवी चैनलों की भरमार है। लेकिन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर श्रीकृष्ण का प्रेरणादायक उपदेश भगवदगीता व अन्य धर्मग्रंथों का ज्ञान शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं बना। खेलों में विशेष योगदान के लिए 'द्रोर्णाचार्य अवार्ड' प्रदान किए जाते हैं, परंतु गुरु द्रोर्णाचार्य की 'चक्रव्यूह' जैसी युद्ध संरचनाओं पर कभी शोध नहीं हुआ। भारतीय सेना के कई टैंकों, मिसाइलों व हथियारों के नाम रामायण व महाभारत काल के महान् योद्धाओं तथा उनके अचूक मारक क्षमता वाले अस्त्र-शस्त्रों के नाम से जाने जाते हैं, मगर पाशुपातास्त्र, ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र, आग्नेयास्त्र व गरुड़ास्त्र जैसे पूरी कायनात का संतुलन बिगाडने वाले विध्वंसक दिव्यास्त्रों की मारक क्षमता पर गहन अध्ययन नहीं हुआ। अर्जुन, अश्वथामा, बर्बरीक, कर्ण व अभिमन्यु जैसे महापराक्रमी योद्धाओं के शौर्य पराक्रम पर विवेचना नहीं हुई। गंगापुत्र भीष्म, भगदत्त व बाहलीक जैसे महाभारत युद्ध के वयोवृद्ध योद्धाओं की शक्ति व अदम्य साहस पर विश्लेषण नहीं हुआ।

**आधुनिक जीवनशैली की नैतिक उलझनों का निराकरण भगवदगीता में समाहित है। अनुशासन, निडरता व स्वाभिमान से जीवन जीने को प्रोत्साहन प्रदान करने वाला दार्शनिक ग्रंथ भगवदगीता इसीलिए विश्व में प्रेरणा व मार्गदर्शक बना है। देश के हुक्मरानों को गीता के उपदेश का अनुपालन करना होगा।**

देश में महिला सशक्तिकरण की वकालत जोर-शोर से होती है, लेकिन प्राचीन गांधार जनपद की राजकुमारी तथा कौरवों की माता 'गांधारी' जैसी सशक्त महिला के मजबूत जज्बातों को समझने की कोशिश नहीं की जाती। महाभारत युद्ध में अपने निन्यानवें पुत्रों की वीरगति के बाद गांधारी ने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन को पांडवों के समक्ष संधि-समझौता, युद्ध विराम या आत्मसर्मपण करने की सलाह नहीं दी, बल्कि परम शिव भक्त गांधारी ने अपने तपोबल व निगाहों के तेज से दुर्योधन को वज्र बनाकर युद्धभूमि में जाने के लिए प्रेरित करके क्षत्रिय धर्म का पालन किया था। यदि वर्तमान में युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति व संस्कारों से विमुख होकर बॉलीवुड के अदाकारों को अपना आदर्श मान रही है, छात्र वर्ग महत्वाकांक्षाओं के बोझ में भ्रमित होकर अपने जीवन का लक्ष्य भूलकर आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा रहे हैं, तो स्वीकार करना होगा कि भारतीय समाज शाश्वत ज्ञान से भरपूर भगवदगीता जैसे वन्दनीय ग्रंथ के ज्ञान से महरूम रहकर भौतिकतावादी जीवनशैली व पश्चिमी तहजीब का गुलाम बन चुका है। श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को माध्यम बनाकर दिया गया गीता का ज्ञान समस्त विश्व के लिए सार्थक व उपयोगी सिद्ध हुआ है। कर्म-धर्म व कर्त्तव्य मार्ग पर चलने का उपदेश देने वाली गीता में जीवन जीने की कला का ज्ञान भी मौजूद है।

गीता का उपदेश है कि जीवन में संघर्षरत होकर चुनौतियों का सामना करने से ही सफलता प्राप्त होती है। यदि खुद पर भरोसा करके, मन पर नियंत्रण रखकर, लक्ष्य पर पूरी लगन से ध्यान हो तथा कर्म में निरंतर संघर्ष हो तो सफलता निश्चित है। यह ज्ञान छात्र वर्ग के लिए अत्यधिक प्रासंगिक है। अत: आधुनिक जीवनशैली की नैतिक उलझनों का निराकरण भगवदगीता में समाहित है। अनुशासन, निडरता व स्वाभिमान से जीवन जीने को प्रोत्साहन प्रदान करने वाला दार्शनिक ग्रंथ भगवदगीता इसीलिए विश्व में प्रेरणा व मार्गदर्शक बना है। भारत के पड़ोस में अराजकता का दौर चरम पर है। लिहाजा देश के हुक्मरानों को राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए अर्जुन की तरह भगवदगीता के उपदेश का अनुपालन करना होगा।

**-प्रताप सिंह पटियाल**

## राशिफल

**मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अनायास खर्च, अज्ञात भय, मानसिक परेशानी, इत्यादि रहेगा। प्रेम, संतान भी मध्यम।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
यात्रा में कष्ट। आय में उतार-चढ़ाव। स्वास्थ्य थोड़ा सा पहले से बेहतर। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। उच्चाधिकारियों के कोप भाजन के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भाग्य पर भरोसा रखके कोई काम इस समय नहीं कर सकते हैं। स्वास्थ्य ऊपर-नीचे रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वंय के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं दिख रही है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे, लेकिन शत्रु उपद्रव संभव है। पैरों में चोट-चपेट लग सकती है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत है। नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
बड़े लेवल की कलह घर में हो सकती है। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम में परेशानी रहेगी। व्यापार की स्थिति मध्यम रहेगी। नाक, कान, गला की परेशानी संभव है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
धन-हानि के संकेत हैं। गंदी भाषा से बचें और पूंजी के निवेश से भी बचें। कुटुंब में थोड़ी सी अनबन की स्थिति रहेगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शुभ समाचार मिल सकसा है। स्वास्थ्य प्रभावित है। प्रेम, संतान भी प्रभावित है। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

# लोकतंत्र की हत्या कर रही है भाजपा सरकार : हरेंद्र मलिक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** लुक्सर जेल में बंद आंदोलनकारी किसानों से मुलाकात करने के लिए जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को पुलिस द्वारा डीएनडी फ्लाईओवर रोक दिया गया। इस दौरान किसानों से मुलाकात करने पर अड़े प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों एवं पुलिस अधिकारियों में तीखी नोंक-झोंक हुई। बाद में प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्य सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने जेल में बंद किसान नेताओं के परिजनों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने किसानों की इस लड़ाई में समाजवादी पार्टी द्वारा हर संभव मदद किए जाने का आश्वासन दिया। उसके बाद पुलिस जॉइंट कमिश्नर एवं जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसानों को बिना शर्त रिहाई करने की मांग की।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा बिना शर्त किसानों की शीघ्र रिहाई करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि जेल में बंद किसानों से मुलाकात करने से रोका जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। भाजपा सरकार सरेआम लोकतंत्र की हत्या कर रही है, आज उत्तर प्रदेश में आपातकाल जैसे हालात हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ जेल में दुर्व्यवहार और उत्पीड़न हो रहा है। सच्चाई सामने आ जाने के डर से किसानों से मुलाकात नहीं करने दी जा रही। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके अधिकारों से वंचित किए जाने एवं उन पर हो रहे अत्याचार के मुद्दे को समाजवादी पार्टी संसद में उठाएगी।

इस मौके पर सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार किसानों पर अत्याचार हो रहे हैं। सरकार उनको उनके अधिकारों से वंचित कर उनका शोषण कर रही है उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ आतंकियों जैसा वर्ताव कर रही है। इस मौके पर सांसद लाल जी वर्मा ने कहा कि किसानों की इस लड़ाई में समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है एवं आंदोलनकारी किसानों कि बिना शर्त रिहाई के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। इस मौके पर विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों का किसी भी तरह का शोषण नहीं होने देगी। जनपद गौतमबुद्ध नगर में किसानों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में वह गौतम बुद्ध नगर के किसानों की आवाज पूरे जोर-जोर से उठाएंगे।

इस मौके पर प्रतिमंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्य पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें रिपोर्ट सौंप कर किसानों पर हो रहे अत्याचार से अवगत कराएंगे। प्रतिमंडल में सदस्य जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, फकीरचंद नागर, गजराज नागर, सुनील चौधरी, वीर सिंह यादव, इन्दर प्रधान, महेंद्र नागर, आश्रेय गुप्ता, सुनील देवटा, नरेंद्र नागर सुधीर तोमर मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने जूते व जुराब का किया वितरण



**ग्रेटर नोएडा/दादरी ( चेतना मंच )।**


क्लब के सदस्य विकास गर्ग (विक्की दादरी) ने बताया कि रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा सेक्टर गामा-1 के C ब्लॉक पार्क में चल रहे 'अपना स्कूल' में पढ़ रहे जरूरतमंद 65 बच्चों को क्लब द्वारा निशुल्क जूते व जुराब का वितरण किया गया जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

निशुल्क जूते व जुराब वितरण का कार्यक्रम क्लब के निम्न सदस्यों डॉ. अभिषेक गोयल, विकास गर्ग (दादरी), विकास अग्रवाल, गुलशन शर्मा, डॉ. कमल त्यागी, कपिल गुप्ता, मनीष गुप्ता के सहयोग द्वारा किया गया।

क्लब के सदस्य रवि शंकर शर्मा ने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को समोसे और जलेबी का वितरण भी किया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष विकास गर्ग, मुकुल गोयल, शुभम सिंघल, अशोक सेमवाल, रामकुमार, विनय गुप्ता, अंकित अग्रवाल, शुभम गोयल, उदित गोयल, राकेश शर्मा, विशाल तायल, विक्की दादरी, रविशंकर शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

## दोहा



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

**नेता राज बन गये, चोर,**
**दलाल बजीर**
**इसलिए इस देश की बदली**
**न तस्वीर**
जिसे देखकर आम आदमी
थर-थर कांपने लगें
छोट भैये बदमाश बगलें
झांकने लगें
नामी गिरामी नेता मैदान
छोड़कर भागने लगें
देश के बड़े-बड़े मंत्री और,
जिम्मेदार
उसके चरित्र को उत्तम
आंकने लगें
हत्या-डकैती-बलात्कार-
अपहरण आदि की परिभाषाएं
उनके लिए बदल जाएं
तो क्यों न हम भी उन्हें उत्तम
लोक नायक बतायें ?

# भाजपा सरकार में हो रहा है शिक्षकों का शोषण : प्रो. पाण्डेय



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गांव पतवाड़ी में समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय यादव एवं मनोज शर्मा के संयोजन में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर बी.पांडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर कुलदीप यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुधीर तोमर ने की। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर बी पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षकों का विकास अति आवश्यक है, लेकिन सरकार लगातार शिक्षकों की अनदेखी कर रही है।

इस मौके पर समाजवादी शिक्षक सभा के महासचिव कुलदीप यादव ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में अपना विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों की हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। आज वित्तहीन शिक्षकों के सामने भुखमरी जैसे हालात पैदा हो गए। भाजपा सरकार उनकी कोई सुध नहीं ले रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सभी शिक्षकों को विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य किये जायेंगे।

इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ महेन्द्र नागर, पंडित दीनदयाल शर्मा, अक्षय चौधरी, नितिन तोमर, प्रदीप वर्मा, रोहित मत्ते गुर्जर, सुनीता यादव, ललित कुमार, राजेश गुर्जर, हैप्पी पंडित, शशि यादव, राहुल आर्यन, रजनीकांत भारद्वाज, योगेश गौतम, अनिल प्रजापति, सुमित पंडित, विपिन सेन, जगदीश सेन, मोहित यादव, धनेश प्रधान, अनीता पुंडीर, सनी प्रजापति, नरेश मास्टर, जीतेन्द्र प्रजापति, विजयपाल शर्मा, दीपक शर्मा, नरेश खारी, विजयपाल शर्मा, संदीप प्रजापति, गौरव यादव, शेखर नंबरदार, लोकेश पहलवान, रफीक खान, हनुमान गोस्वामी, विशाल तायल, अफसर सैफी, राजुद्दीन, आरती सिंह राजपूत, तनु मित्तल, रामेश्वर सिंह तोमर, अमित बैसोया, जीता भट्ट, पूनम शर्मा, जूली मिश्रा, सुधा शर्मा, किरण दुबे, चंदा झा, जन्नत खान, नुसरत प्रवीण, माही कुमारी, मुस्कान कुमारी, सिमरजीत कौर, रिचा कुशवाहा, नीतू वर्मा, सीमा रावत, रचना शर्मा, योगेश कुमार आदि आदि मौजूद रहे।

# गोविंद शर्मा बने प्रदेश सहायक सचिव

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन डॉक्टर उमेश शर्मा ने शाहदरा निवासी गोविंद शर्मा को संगठन का प्रान्तीय सहायक सचिव मनोनीत किया है। उन्होंने जारी अपने पत्र में गोविंद शर्मा को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। बताते चलें कि गोविंद शर्मा इसके पूर्व में हापुड़ जिले के जिला पर्यवेक्षक थे उमेश शर्मा ने आशा प्रकट किया है कि गोविंद शर्मा संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे वही अपराध निरोधक समिति का प्रदेश सहायक सचिव मनोनीत होने पर गोविंद शर्मा ने संगठन के चेयरमैन उमेश शर्मा का आभार प्रकट किया है।

# अतुल सुभाष का मामला पहुंचा राज्य मानवाधिकार आयोग उत्तर प्रदेश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अतुल सुभाष के मामले में ग़ैर लाभकारी संगठन मानवाधिकार एक्शन फोरम के द्वारा राज्य मानवाधिकार आयोग, उत्तर प्रदेश में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। यह पत्र संगठन के एडवोकेट शुभम द्विवेदी,एडवोकेट निहाल अवस्थी, अरुण कुमार राय एवं एडवोकेट सौरभ कुमार मिश्रा के संयुक्त हस्ताक्षर के द्वारा प्रेषित किया गया है। जिसमें प्रमुखता से न्यायाधीश रीता कौशिक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने के लिए अपील की गई है।

अतुल सुभाष के मामले को न तो अपवाद माना जा सकता और न ही इसे स्त्रियों के प्रति पुरुषों की चिर घृणा को निकालने का अवसर बनने दे सकते। स्त्री-पुरुष प्रश्न पर पूरे समाज और न्यायालयों को नए सिरे से सोचना होगा, विवाह के बाद अक्सर पति-पत्नी का रिश्ता नहीं चल पाता है ऐसे में जो महिलायें है वो दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा एवम् गुजारा भत्ता का मुक़दमा दायर कर देती है। आज मृतक अतुल सुभाष जैसे लोग गली-गली में हैं, कुछ लोग पुलिस और कोर्ट की इस प्रक्रिया से बचने के लिए तमाम उत्पीड़न झेल रहे हैं और शारीरिक-मानसिक रोगों का शिकार हो रहे हैं, इन्हीं में से एक अतुल सुभाष ने कानूनी व्यवस्था से प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर ली।

आज ये कहना ग़लत नहीं होगा कि केवल महिलाओं की बात सुनी जाती है बल्कि पुरुषों की आवाज दब जाती है। वर्तमान में जानबूझकर पुरुषों के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं और अधिकतर मामलों में यह देखा गया है कि महिलाओं द्वारा उत्पीड़न ,दहेज प्रथा जैसे जो मुक़दमा दर्ज कराये जाते है वो फर्जी होते है जिनका उद्देश्य मात्र मानसिक प्रताड़ना एवं धन उगाही है।

संगठन यह नहीं कहता कि महिलाओं के हक़ के कानून वापस लो बल्कि अब पुरुषों के हक़ में भी बराबरी के कानून व्यवस्था की जरूरत है। अतुल सुभाष की मौत इस सिस्टम के लिए एक संदेश है कि महिलाओं के हक में इतना मत खड़े हो जाइए कि कोई व्यक्ति बूढ़े मां-बाप को छोड़कर मौत को ही गले लगाने को मजबूर हो जाए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**संसद में घमासान...**

आप सदन को परंपरा से चलाइए। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, झुकुंगा नहीं। जिसके बाद खड़गे ने कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं भी मजदूर का बेटा हूं। सभापति धनखड़ ने कहा कि मैंने बहुत बर्दाश्त किया है। विपक्ष ने संविधान की धज्जियां उड़ाई हैं।

**गांवों के विकास में तेजी...**

गांवों के विकास को लेकर सीईओ तथा सभी अधिकारी काफी सक्रिय हैं। इसी को लेकर बैठक करके गांवों में विकास के कार्यों में तेजी बरतने के निर्देश दिये हैं।

**प्रभारी मंत्री ने किया...**

डा. रेनू अग्रवाल तथा एसीपी प्रवीन कुमार सिंह, भाजपा के नोएडा महानगर के महासचिव उमेश त्यागी, गणेश जाटव तथा अन्य डाक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद था।

बता दें कि आज तथा कल अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वसन मानक एनक्यूएस प्रमाण पत्र दिये जाने को लेकर दिल्ली की एक टीम अस्पताल का निरीक्षण करके निर्धारित मानकों का जायजा लेगी। प्रदेश स्तर पर अस्पताल को यह प्रमाण पत्र पूर्व में ही दिया जा चुका है। इसी परिपेक्ष्य में आज प्रभारी मंत्री ने अस्पताल का जायजा लिया।

**फर्जीवाड़ा कर बैंक...**

लेकर जुलाई माह तक 1135000 पंकज माथुर द्वारा उनके खाते से फर्जी तरीके से निकाले गए हैं। इसके अलावा 90000 रुपए टिंकू माथुर, 100000 रुपए बब्बू तथा 50000 रुपए विराट द्वारा फर्जी तरीके से निकाले गए हैं। स्टेटमेंट के आधार पर हरि प्रकाश ने आरोपियों के खिलाफ फर्जी तरीके से खाते से पैसे निकालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आरबीआई को बम...**

दरअसल, आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ईमेल आया। ईमेल रूसी भाषा में किया गया। इसमें बैंक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मुंबई पुलिस जोन 1 डीसीपी के मुताबिक, माता रमाबाई मार्ग (एमआरए मार्ग) पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

**हत्या के मामले में पैरवी...**

चाहत राम के मुताबिक बीते 10 अक्टूबर को भी गांव में आरोपी सुबोध ने उसे रास्ते में रोक लिया और मुकदमे में पैरवी करने से मना किया। उसने जब इस बात का विरोध किया तो सुबोध ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**क्रेटा कार व 10 लाख...**

परिजनों ने अपनी हैसियत अनुसार दान-दहेज दिया था। शादी से पहले उसके परिवार वालों को बताया गया कि लड़का एक प्रतिष्ठित कंपनी में इंजीनियर है। शादी होकर जब वह ससुराल पहुंची तो पता चला कि उसका पति किसी कंपनी में इंजीनियर नहीं है और ना ही कोई काम धाम करता है। पूनम के मुताबिक शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति अनमोल, ससुर खन्नेश, देवर अंकित ने उस पर मायके से क्रेटा कार और 10 लाख रुपए लाने का दवाब डालना शुरू कर दिया। उसके द्वारा इनकार करने पर पति व ससुराल वालों ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसका पति अनमोल शराब के नशे में उसके साथ आए दिन मारपीट करता था ससुराल वालों की दहेज की मांग से परेशान होकर उसने दो बार में एक लाख रुपये अपने मायके से लाकर उन्हें दिए लेकिन उनकी दहेज की मांग बढ़ती ही गई।

पूनम के मुताबिक उसके पति ने उसके 6 माह के गर्भ को गिराने के लिए कई बार प्रयास किया। 8 दिसंबर की रात्रि को दहेज की मांग को लेकर उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की गई। इस दौरान उसके पति ने गला दबाकर उसे जान से मारने का भी प्रयास किया। पूनम के अनुसार ससुराल वालों ने इस दौरान उसके पेट में लात मारकर गर्भ में पल रहे बच्चे को भी करने का प्रयास किया। शोर शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोगों ने उसे इनके चंगुल से छुड़ाया जिसके बाद उसने अपने पिता व पुलिस को इस घटना की जानकारी दी।

थाना दनकौर प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर उसके पति ससुर व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**नशा मुक्ति केन्द्र के...**

रौब जमता था। 15 दिन पहले भी उसकी केंद्र में भर्ती घोड़ी बछेड़ा के मोहित रावल व डाढा गांव के रहने वाले लक्की से वाद विवाद हुआ था। इसी बात-बात के बाद मोहित रावल व लक्की ने उसकी हत्या की योजना बनाई। मंगलवार देर रात के अंधेरे में आरोपियों ने अरविंद पर चाकू से ताबड़तोड़ बरकार गंभीर रूप से घायल कर दिया शोर शराबा होने पर नशा मुक्ति केंद्र के मैनेजर रॉबिन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में मृतक के चचेरे भाई गौरव भाटी ने मोहित रावल, लक्की व अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस वारदात के अभियुक्त लक्की भाटी, मोहित रावल, शीलू, विजेंद्र उर्फ लीला को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से दो चाकू व मफलर बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अरविंद उन पर धौंस जमाकर जबरन काम करता था। इसी कारण उन्होंने उसकी हत्या की है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# जेसीबी से तोड़ डाली बाउंड्री वॉल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर में एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ जेसीबी से प्लॉट की बाउंड्री वॉल तोड़ने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि तीनों आरोपी उसके प्लॉट पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

त्रिलोकपुरी नई दिल्ली निवासी श्रीमती रीता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने वर्ष 2014 में 300 वर्ग गज का प्लॉट दादरी के महावड़ गांव निवासी विकल से खरीदा था। उसने बैनामा के समय ही प्लॉट पर बाउंड्री वॉल व कमरे का निर्माण करा कर कब्जा ले लिया था। इस प्लॉट में उसकी छोटी बहन गीता भी हिस्सेदार है। रीता के मुताबिक 27 नवंबर वर्ष 2024 को ग्राम महावड निवासी सचिन उसके भाई विनोद उर्फ मेद, उसके लड़के तथा वीरेंद्र तिवारी ने जेसीबी से उसकी बाउंड्री वॉल तोड़ दी। उसने जब इस संबंध में आरोपियों से बात की तो चारों आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी उसके प्लॉट पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# किसानों की रिहाई की मांग को लेकर सीटू ने किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार व गौतमबुधनगर पुलिस प्रशासन की सख्ती और प्रदर्शन को रोकने के लिए अपनाए गए तमाम हथकंडो के बावजूद मजदूर संगठन सीटू, जनवादी महिला समिति, संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा, किसान सभा आदि के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जेल में बंद सभी किसानों की बिना शर्त रिहाई व अन्य समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को मुख्य वक्ता के रूप में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के सांसद कामरेड ए ए रहीम, जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष मरियम ढबले, दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव आशा शर्मा ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक अधिकारों को हासिल करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने, किसानों को आतंकित करने के लिए घर-घर पुलिस भेजना, हाउस अरेस्ट करना, लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने से रोके जाने की कड़ी निंदा किया और गिरफ्तार सभी लोगों को तुरंत रिहा करने की मांग की। उक्त मुद्दे पर सीपीआईएम पार्टी के सांसद ए ए रहीम के नेतृत्व में सभी संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

उक्त पर हुई वार्ता में जिलाधिकारी द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया की जेल में बंद किसानों से उनके परिजनों व वकीलों को मिलने की छूट दे दी जाएगी और 47 किसानों को आज रिहा कर दिया जाएगा तथा पुलिस घर-घर जाकर हाउस अरेस्ट नहीं करेगी और शेष सभी मुद्दों का जल्द समाधान निकाले जाने का आश्वासन प्रतिनिधि मंडल को दिया।

प्रदर्शन को जनवादी महिला समिति की जिला नेता आशा यादव, रेखा चौहान, गुड़िया देवी, सीटू नेता रामसागर, मनोज कुमार, रामस्वारथ, रामकिशन, टीकम सिंह, पारस रजक, हुकम सिंह, विकास कुमार, सुनील पंडित, लता सिंह, पूनम देवी, एचएमएस नेता रितेश कुमार झा, यूटीयूसी नेता सुधीर त्यागी, टीयूसीसी नेता उदय चंद्र झा, लॉयर्स यूनियन के नेता गजेंद्र सिंह खारी, अरुण प्रताप, मांगेराम भाटी, विनोद भाटी, किसान सभा के नेता पुष्पेंद्र त्यागी, शशांक भाटी, मनोज कुमार, सुरेंद्र यादव, गुरप्रीत एडवोकेट, जितेंद्र भाटी, तिलक देवी, भगत सिंह, सचिन भाटी, किसान नेता इरफान प्रधान सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यदि किसानों की बिना शर्त रिहाई व उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो सभी संगठनों को एक साथ लेकर जनपद में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## खास खबर

### एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने, नेटवर्थ में इजाफा

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध उद्यमी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने दुनिया के पहले व्यक्ति बनने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी नेटवर्थ में कुल 400 अरब डॉलर का इजाफा हो गया है। इस इजाफे की मुख्य वजह एक इंसाइडर ट्रेडिंग सेल था, जिसमें उनकी संपत्ति में 50 बिलियन डॉलर का वृद्धि हुआ। इसके अतिरिक्त एलन मस्क की दूसरी कंपनी स्पेसएक्स के साथ कुछ महत्वपूर्ण डीलों की भी खबर है। एक डील के बाद स्पेसएक्स की वैल्यू 350 बिलियन डॉलर हो गई है, जो इसे दुनिया की सबसे बड़ी प्राइवेट स्टार्टअप बनाती है। इसके परिणामस्वरूप, एलन मस्क की नेटवर्थ में और भी बढ़ोतरी हुई है और उन्होंने एक ही दिन में 62 अरब डॉलर का फायदा किया। टेस्ला के शेयरों में भी दिसंबर के बाद से 72 फीसदी से ज्यादा का इजाफा देखा गया है।

### एनआईए ने यात्रियों के लिए इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा शुरू की

**मुंबई।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) ने अपने यात्रियों के लिए एक नया सुविधा शुरू की है, जो उन्हें अब प्रीमियम और पूर्णत: इलेक्ट्रिक टैक्सियों की सेवा प्राप्त करने का अवसर देती है। इसके लिए एनआईए ने महिंद्रा लॉजिस्टिक्स मोबिलिटी के साथ साझेदारी की है। यह सेवा चौबीस घंटे और हर सप्ताह के सात दिन उपलब्ध रहेगी, जिसमें यात्रियों को प्रीमियम पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ की सुविधा मिलेगी। यात्री इन सेवाओं को मोबाइल एप्लिकेशन, वेबसाइट, कॉल सेंटर या एयरपोर्ट कियोस्क के माध्यम से बुक कर सकेंगे। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने इस साझेदारी के महत्व को बताते हुए कहा कि हमने यह साझेदारी महिंद्रा लॉजिस्टिक्स मोबिलिटी के साथ की है ताकि हम अपने यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकें और उन्हें दूरदराज के लिए सुरक्षित और पर्यावरण-की दृष्टि से उपयोगी साधन प्रदान कर सके।

### इन्वेंचुरस नॉलेज सॉल्यूशंस ने बड़े निवेशकों से जुटाए 1,120 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा सहायता सेवाएं प्रदान करने वाली इन्वेंचुरस नॉलेज सॉल्यूशंस ने 1,120 करोड़ रुपये के बड़े निवेशकों से निवेश जुटाने में सफलता प्राप्त की है। यह नवीनतम वित्तीय उद्यम के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इन्वेंचुरस नॉलेज सॉल्यूशंस ने बाजार में 61 कोषों को आंशिक स्वामित्व देने के लिए 84.29 लाख शेयर आवंटित किए हैं, जिसकी कीमत 1,329 रुपये प्रति शेयर है। यह शेयर की कीमत मूल्य दायरे के ऊपरी छोर के नजदीक है। रेखा झुनझुनवाला और रेअर एंटरप्राइजेज द्वारा समर्थित कंपनी ने 2,498 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आयोजन किया है, जो गुरुवार को खुला है और 16 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ के लिए 1,265-1,329 रुपये प्रति शेयर की कीमत निर्धारित की गई है। इस आईपीओ में 2.82 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश है, जिसमें कोई नई निर्गम शामिल नहीं है। इसके माध्यम से कंपनी को कोई आय प्राप्त नहीं होगी। और सभी धनराशि शेयरधारकों को दी जाएगी। इन्वेंचुरस नॉलेज सॉल्यूशंस के निवेश और आईपीओ के माध्यम से वित्तीय सेवाएं और स्वास्थ्य सेवाएं में नए विकासों की आशा की जा रही है। यह खबर मार्केट में बहुत चर्चा का विषय बन गई है और निवेशकों द्वारा बड़ा समर्थन प्राप्त हो रहा है।

### सोना 80 हजार के करीब पहुंचा, चांदी की घटी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में सोने का भाव 80 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंचता नजर आ रहा है। सोना आज 800 रुपये से लेकर 870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

# कर रिफंड 3.08 लाख करोड़ होगा : वित्त मंत्रालय

- रिफंड में उल्लेखनीय वृद्धि से व्यक्तिगत करदाताओं और व्यवसायों को समान रूप से राहत मिलने की उम्मीद
- पिछले साल TIN 2.0 प्लेटफॉर्म की शुरूआत और सक्षमता रिफंड में तेजी लाने की प्रक्रिया एक गेम-चेंजर रही है




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर रिफंड जारी करने में सुधार की घोषणा की। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 27 नवंबर के बीच 3.08 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि की तुलना में 46.31 फीसदी की वृद्धि है। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर बताया कि कर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आयकर रिटर्न पोर्टल ने एक सेकंड में 900 से ज्यादा फाइलिंग और एक दिन में करीब 70 लाख आयकर रिटर्न (आईटीआर) संभाले। इस साल आकलन वर्ष 2024-25 के लिए एक ही दिन में 1.62 करोड़ से ज्यादा आईटीआर प्रोसेस किए गए। मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष की प्रमुख पहलों को साझा करते हुए बताया कि एक दिन में सबसे अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं। 31 जुलाई, 2024 को 69.93 लाख आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। वहीं, 22 नवंबर, 2024 तक 8.50 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के लिए दाखिल आयकर रिटर्न से 7.32 फीसदी अधिक है। पिछले साल की इसी अवधि में 1 अप्रैल, 2023 से 30 नवंबर, 2023 के बीच कुल 2.03 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया था, जो इस साल प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मंत्रालय के ठोस प्रयासों को दर्शाता है। इस उपलब्धि को हासिल करने में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने अहम भूमिका निभाई है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक पिछले साल TIN 2.0 प्लेटफॉर्म की शुरूआत और सक्षमता रिफंड में तेजी लाने की प्रक्रिया एक गेम-चेंजर रही है। TIN 2.0 का उपयोग करके 3 करोड़ से अधिक रिफंड जमा किए गए, जिसमें केवल 0.002 फीसदी की प्रभावशाली कम त्रुटि दर थी। जैसे-जैसे वर्ष 2024 समाप्त हो रहा है रिफंड में उल्लेखनीय वृद्धि से व्यक्तिगत करदाताओं और व्यवसायों को समान रूप से राहत मिलने की उम्मीद है। इससे समग्र आर्थिक गतिविधि और अनुपालन में योगदान मिलेगा। इसके साथ ही TIN 2.0 के सफल कार्यान्वयन के साथ, सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में अपने प्रदर्शन को बनाए रखना और उसमें सुधार करना है।

## अदाणी ग्रीन एनर्जी की शाखा ने 250 मेगावाट की सौर परियोजना की शुरू

- अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 11,434 मेगावाट तक बढ़ गई




एजेंसी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एएजीएल) की शाखा ने राजस्थान के जोधपुर जिले में बड़ा कदम उठाया है, जब उन्होंने 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना को चालू करने का ऐलान किया। इस परियोजना के चालू होने के साथ एएजीएल की कुल अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 11,434 मेगावाट तक बढ़ गई है। यह स्थानीय जनता और पर्यावरण के लिए एक सकारात्मक कदम है, क्योंकि यह प्रदूषण मुक्त ऊर्जा के प्रदर्शन को बढ़ावा देगा। एएजीएल के एक प्रतिनिधि ने बताया कि राजस्थान के जोधपुर में यह परियोजना आमजन के लिए भी एक उत्कृष्ट संदेश है, क्योंकि यह सहयोगी ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करते हुए स्वच्छता और सामर्थ्य की ओर बढ़ावा देगा। यह परियोजना अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. (एएजीएल) की संगीनी के साथ एक उत्कृष्ट पार्टनरशिप का एक और उदाहरण है। इस सीड में नई सौर ऊर्जा परियोजना के शुरू होने से सामाजिक और आर्थिक विकास में गुणवत्ता और स्थायित्व का अंबर मौजूद हो सकता है। यह परियोजना एक साफ भविष्य की ओर कदम बढ़ाती है, जो मित्र शासकीय और उद्यमिता संगठनों के बीच एक मिलन से मिलकर आधुनिक समाज और पर्यावरण के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण साबित हो सकता है।

## भारत, यूरोपीय संघ पारस्परिक रूप से एफटीए का लक्ष्य बना रहे हैं : गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) एक संतुलित, महत्वाकांक्षी, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का लक्ष्य रखते हैं। भारत और ईयू के बीच प्रस्तावित एफटीए बातचीत को एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं को समझते हुए व्यावसायिक रूप से सार्थक सौदे तक पहुंचाने के लिए राजनीतिक दिशा की भी आवश्यकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय आयोग के प्रतिनिधिमंडल



के बीच नई दिल्ली में बातचीत के दौरान इस समझौते पर चर्चा हुई। इस दौरान गोयल ने कहा कि दोनों पक्षों का लक्ष्य एक संतुलित, महत्वाकांक्षी, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच बढ़ते प्रगाढ़ संबंधों और व्यापार पर चर्चा करते हुए गोयल ने कहा कि दोनों पक्ष एक संतुलित, महत्वाकांक्षी, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए का लक्ष्य बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नौ दौर की गहन चर्चा के बाद एफटीए वार्ता को एक दूसरे की संवेदनशीलता को समझते हुए व्यावसायिक रूप से सार्थक समझौते पर पहुंचने के लिए राजनीतिक निर्देशों की जरूरत है। वाणिज्य मंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारतीय इकोनॉमी के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में वार्षिक 7 से 8 फीसदी की दर से वृद्धि होने की आशा है। त्वरित रूप से होने वाली कई गुणा वृद्धि भारत के सकल घरेलू उत्पाद को 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर (35 लाख करोड़ यूएस डॉलर) की उपलब्धि तक पहुंचाने में सहायता करेगी। इस बातचीत में भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद में प्रगति पर चर्चा करने का अवसर भी मिला। अमेरिका के अलावा भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसके साथ यूरोपीय संघ की ऐसी व्यवस्था है।

## सैमसंग ने एंटरप्राइज एडिशन गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन लॉन्च किए

एजेंसी

**रांची।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 के एंटरप्राइज एडिशन को लॉन्च किया है। इन डिवाइसों में व्यवसायों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नत फीचर्स दिए गए हैं। इनमें लाइव ट्रांसलेशन, इंटरप्रेटर, नोट असिस्ट और गूगल के साथ सर्च जैसे गैलेक्सी एआई फीचर्स शामिल हैं। साथ ही, डिवाइस डिफेंस-ग्रेड सुरक्षा, लंबे समय तक टिकने वाले प्रोडक्ट लाइफ साइकल और बेहतर सपोर्ट प्रदान करते हैं। यह लॉन्च हाल ही में सफल हुए सैमसंग एक्सकवर7 स्मार्टफोन के बाद किया गया है। आज के समय में, बड़ी और अलग-अलग टीमों को प्रबंधित करने वाले व्यवसायों के लिए एंटरप्राइज एडिशन डिवाइस एक वरदान साबित हो रहे हैं। ये डिवाइस संगठनों में मोबाइल तकनीक को आसानी से कॉन्फिगर, अपडेट, तैनात और ऑपरेट करने में मदद करते हैं। यह व्यवसायों को सुरक्षित और विश्वसनीय तकनीक से जुड़े रहने की




गारंटी देता है, ताकि उनकी टीमें बिना किसी बाधा के लगातार काम करती रहें। सैमसंग इंडिया के एंटरप्राइज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आकाश सक्सेना ने कहा कि गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 का एंटरप्राइज एडिशन भारत के तेजी से बदलते कारोबारी माहौल के लिए डिजाइन किया गया है। ये डिवाइस डेटा की सुरक्षा, दीर्घकालिक सपोर्ट और तेज तैनाती सुनिश्चित करते हैं।

## स्विगी ने की बोल्ट सर्विस की शुरूआत मात्र 10 मिनट में होगी डिलीवरी

एजेंसी

**रांची।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ( एनएसई: स्विगी) ने आज रांची में अपनी बोल्ट सर्विस के विस्तार का एलान किया है, जिसके माध्यम से 10 मिनट में फूड डिलीवर किया जाता है। बोल्ट सर्विस लोकप्रिय रेस्टोरेंट एवं क्यूएसआर से मात्र 10 मिनट में डिलीवर करते हुए फ्रेश एवं क्विक-टु-प्रिपेयर फूड्स की डिलीवरी को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। स्विगी ने देशभर में 400 से ज्यादा शहरों में बोल्ट सर्विस का विस्तार किया है और 40,000 से ज्यादा रेस्टोरेंट्स के माध्यम से 10 लाख से ज्यादा फूड आइटम्स डिलीवर कर रही है। रांची के ग्राहक शहर के 367 रेस्टोरेंट्स के 13 क्यूजिन्स की 6.7 हजार डिशेज में से अपनी पसंदीदा डिश ऑर्डर कर सकेंगे। रांची के ग्राहक कावेरी-लालपुर, द डॉल्फिनोज रिजॉर्ट, जश्न द रेस्टोरेंट, सीजन्स रेस्टोरेंट द बेस्ट, पंजाबी किचन - लालपुर, कुप्पुस्वामी और कावेरीज जैसे शीर्ष रेस्टोरेंट्स से ऑर्डर कर सकेंगे। रांची में कुल ऑर्डर्स में से 7.8 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी बोल्ट की है।

## जी वेगान जी 580 लॉन्च करेगी मर्सिडीज-बेंज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महंगी कारें बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने घोषणा की है कि वह 9 जनवरी, 2025 को भारत में अपनी इलेक्ट्रिक जी वेगान (जी 580) लॉन्च करेगी। कंपनी का दावा है कि नया इलेक्ट्रिक जी वेगान अपने ऑफ-रोड ड्राइविंग के लिए मशहूर जी वेगान से कहीं बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करेगा। जी 580 का डिजाइन पहले से मौजूद जी 450 से काफी मिलता-जुलता है, लेकिन इसमें कुछ नए बदलाव किए गए हैं। इसकी पहचान इसके नए ग्रिल और ईक्यू बैज से होती है। इसके एयरोडायनामिक डिजाइन को बेहतर बनाने के लिए कई बदलाव किए गए हैं, जैसे नया ए-पिलर डिजाइन और छत पर नया स्पॉइलर लिप, जिससे यह कार और भी आकर्षक और आधुनिक नजर आती है। रियर बूट पर लगे ऑप्शनल स्पेयर व्हील होल्डर को एक समान स्टाइल वाले चार्जिंग केबल होल्डर से बदला जा सकता है। इसके इंटीरियर्स में जी-क्लास का ही डिजाइन रखा गया है, लेकिन इसमें कुछ नए ईवी-विशेष फीचर्स और स्विचगियर जोड़े गए हैं। इसमें चार इलेक्ट्रिक मोटर दी गई हैं, जो कार के सभी चार पहियों को पावर देती हैं। प्रत्येक मोटर 147 हॉर्सपावर की पावर जनरेट करती है, जिससे कुल पावर 587 एचपी और 1,165एनएम का टॉर्क उत्पन्न होता है। जी 580 में 2-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है और यह महज 5 सेकंड से भी कम समय में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी टॉप स्पीड 180 किमी प्रति घंटे की है और बैटरी पैक को एक बार चार्ज करने पर यह 470 किमी तक की ड्राइविंग रेंज देती है। जी 580 में फ्रंट सस्पेंशन को बेहतर बनाया गया है और रियर में नया रिजिड एक्सल दिया गया है।



### अदाणी समूह ने श्रीलंका में बंदरगाह टर्मिनल पर किया वित्त पोषण का निर्णय

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह ने श्रीलंका में बंदरगाह टर्मिनल के वित्त पोषण के लिए अमेरिकी एजेंसी के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षेप किया है। वह इस परियोजना के वित्तीय संसाधनों का इस्तेमाल करके इसे आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने दी सूचना में बताया कि यह परियोजना अगले साल शुरू होने वाली है। वित्त पोषण कंपनी के आंतरिक स्रोतों और पूंजी प्रबंधन योजना से किया जाएगा। इस खेल में अमेरिकी आईडीएफ की भूमिका भी अहम है, जो चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने और अमेरिकी सरकार के प्रयासों में समर्थ रहने के लिए दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

## सीएमआरआई ने स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञता और देखभाल को समर्पित 55 वर्षों का मनाया जश्न

एजेंसी

**रांची।** कोलकाता के पहले मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सीके बिरला हॉस्पिटल्स-सीएमआरआई ने अपनी 55वीं वर्षगांठ मनाई, जिसमें पायनियरिंग केयरः इनोवेशन और टेक्नोलॉजी शेपिंग द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर विषय पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया, जिसमें आधुनिक चिकित्सा में प्रगति और परिवर्तनकारी तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस उपलब्धि को मनाने के लिए, सीएमआरआई ने भालो थेको अभियान भी शुरू किया, जो पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण की कामना करने वाला एक सांस्कृतिक रूप से गूंजने वाला विषय है। सीएमआरआई, पूर्वी भारत में क्लीनिकल एक्सीलेंस, उचित अभ्यास और रोगी केंद्रित देखभाल के लिए पसंदीदा स्वास्थ्य सेवा गंतव्य के रूप में उभरा है। अस्पताल ने असाधारण रोगी परिणामों के लिए एडवांस्ड तकनीकों और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में निवेश किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित सुपर-स्पेशलिस्टों के नेतृत्व में हमारा इन्टर्डिसप्लनेरी एप्रोच, ग्लोबली सर्टिफाइड प्रोटोकॉल और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके सटीक निदान और सटीक उपचार सुनिश्चित करता है। पिछले साल के दौरान, हॉस्पिटल ने कठिन/जटिल स्थितियों वाले रोगियों की मदद करने के लिए ऑर्थोपेडिक्स, गायनोकोलॉजी और यूरोलॉजी के लिए रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम को और मजबूत किया है। रोबोट-सहायता प्राप्त ऑर्थोपेडिक सर्जरी के लिए सीएमआरआई इस क्षेत्र में अग्रणी के रूप में उभरा है। न्यूरोसाइंसेज विभाग पूर्वी भारत का पहला ऐसा विभाग है जो उच्च श्रेणी की ओ-आर्म नेविगेशन तकनीक से लैस है। सीएमआरआई का स्ट्रोक सेंटर पूर्वी भारत का एकमात्र ऐसा सेंटर है जिसे प्रतिष्ठित दअक (गुणवत्ता और प्रत्यायन संस्थान) मान्यता प्राप्त है।

### खुदरा महंगाई दर नवंबर महीने में घटकर 5.48 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 फीसदी पर आ गई है। पिछले महीने अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर उछलकर 14 महीनों के उच्चतम स्तर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई थी। ऐसा सब्जियों की कीमतों में नरमी और खाद्य तेल की कीमतों में स्थिरता के कारण हुआ है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई घटकर 9.04 फीसदी रही, जो पिछले महीने अक्टूबर में 10.87 फीसदी थी, नवंबर 2023 में 8.70 फीसदी रही थी।

## श्रीमद् रामायण में श्री राम व सीता की दिखेगी महागाथा

एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब के श्रीमद् रामायण में श्री राम और सीता की महागाथा दिखाई गई है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने एक नाटकीय मोड़ देखा, जब श्री राम और सीता के बेटे लव और कुश एक भयंकर युद्ध में विजयी हुए। उन्होंने शक्तिशाली सुग्रीव और भरत को हराया, जिससे सभी दंग रह गए। यह तीव्र संघर्ष भविष्य के एपिसोड में है और अधिक भावनात्मक और शक्तिशाली टकराव के लिए मंच तैयार करता है। आगामी एपिसोड में भावनात्मक क्षण, जब श्री राम युद्ध के मैदान में अपने जुड़वां बेटों, लव और कुश से सामने आते हैं। उनकी असली पहचान



से अनजान श्री राम को उनके खिलाफ खड़े योद्धाओं के रूप में उनका सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे एक शक्तिशाली संघर्ष होता है। यह सामना केवल एक शारीरिक लड़ाई नहीं है, बल्कि एक भावनात्मक लड़ाई है, क्योंकि श्री राम अनजाने में अपने बच्चों से लड़ने के दर्द से जूझते हैं। इस बीच लव और कुश दृढ़ संकल्प के साथ न्याय के लिए लड़ते हुए दृढ़ रहते हैं। इस एपिसोड में संघर्ष के पीछे दिल टूटने, तनाव और प्यार को दिखाया जाएगा, जिससे दर्शक प्रत्येक किरदार की ओर से किए जाने वाले त्याग और उनके लिए फैसले से प्रभावित होंगे।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

# निवेशकों को 2.39 लाख करोड़ का नुकसान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मुनाफा वसूली होने के कारण घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को ऊपरी स्तर से फिसल कर गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार की चाल में तेजी आई, लेकिन कुछ देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी और टेक



इंडेक्स के अलावा सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एफएमसीजी, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में आज जमकर बिकवाली होती रही। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, हेल्थ केयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.07 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 458.07 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.46 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.39 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,105 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,491 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,508 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 106 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,504 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 757 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,747 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का किया अनावरण

एजेंसी

**जमशेदपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया, जिसे 'पूरी तरह से सेडान' के रूप में डिजाइन किया गया है। कार्बन न्यूट्रल लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल 5वीं पीढ़ी की उन्नत हाइब्रिड तकनीक से लैस है, जो काफी बेहतर दक्षता और बेहतर प्रदर्शन प्रदान करती है। यह नया मॉडल अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, बेहतरीन एक्सटीरियर और इंटीरियर, सहज प्रौद्योगिकी एकीकरण के साथ बेजोड़ परिष्कार लाता है, जिससे उपभोक्ताओं की अनूठी आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल एक कार से कहीं बढ़कर है - यह परिष्कृत शैली और विशिष्टता का प्रतिबिंब है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मसाकाजु योशिमुरा ने कहा, 'ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का लॉन्च टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050 के अनुरूप बेहतर, संधारणीय गतिशीलता विकल्प विकसित करने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है। भारत एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, और हमारी उत्पाद रणनीति कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है।' टोयोटा किर्लोस्कर मोटर एंड लेक्सस के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर तादाशी असजुमा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, 'नई कैमरी प्रदर्शन, स्थिरता और अत्याधुनिक नवाचार का मिश्रण करने वाले वाहन तैयार करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है।



## खास खबर

### सड़क दुर्घटना में भारतीय छात्र की मौत

**लंदन।** पूर्वी इंग्लैंड के लीसेस्टरशायर में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हुई और 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा में एक कार के खाई में गिरने से उसमें सवार चिरंजीवी पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हुई, जबकि एक महिला, दो पुरुष और चालक घायल हुए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक (27) को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया था, लेकिन बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने बताया चिरंजीवी पंगुलुरी (32) तमुरा में सवार होकर लीसेस्टर से मार्केट हार्बरो की ओर जा रहे थे तभी यह वाहन एक खाई में जा गिरा।

### एमआईटी में भारतीय मूल के पीएचडी छात्र निलंबित

**वाशिंगटन ।** अमेरिका स्थित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पीएचडी कर रहे भारतीय मूल के एक छात्र को फलस्तीन समर्थक सक्रियता के कारण निलंबित किया गया है। इस पर विश्वविद्यालय के फैसले के खिलाफ छात्र ने अपील की है। एमआईटी कोलिशन अगेंस्ट इअपार्थेड नामक संगठन ने बताया कि नेशनल साइंस फाउंडेशन के फेलो प्रह्लाद अयंगर को जनवरी 2026 तक निलंबित किया गया है। संगठन ने कहा कि इस निलंबन से अयंगर की पांच वर्षीय एनएसएफ फेलोशिप समाप्त होगी तथा उनका शैक्षणिक कैरियर बुरी तरह प्रभावित होगा।

### लंदन में भी सड़कों पर उतरे किसान

**लंदन।** भारत की तरह लंदन में भी किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे हुए हैं। ट्रैक्टर टॉली को लेकर प्रदर्शकर रहे किसानों ने सड़कों पर जाम लगा दिया है। लंदन की चमचमाती और शनदार स्ट्रीट वाली सड़कों पर अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली दौड़ने लगी, तो आसपास के लोग हैरान रह गए। किसान कृषि परिवारों को ह्यविरासत करह्न (इनहेरिटेंस टैक्स) में शामिल करने का विरोध कर रहे थे। सरकार के इस कदम को ट्रैक्टर टैक्स बना दिया है। बता दें कि इससे पहले नवंबर में वेस्टमिंस्टर में 13,000 से अधिक किसान सड़कों पर जमा हो गए थे, इनके साथ ब्रिटेन के सबसे हाई प्रोफाइल किसान जेरेमी क्लार्कसन भी शामिल थे। बुधवार को सेंट्रल लंदन की सड़कों पर किसान अपने ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए।

# 57 घंटे बोरवेल में फंसे 5 वर्षीय आर्यन की मौत

▸ रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बोरवेल से बाहर निकाला

एजेंसी

**दौसा।** दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में बोरवेल में गिरे पांच वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। बुधवार रात करीब 11:45 बजे रेस्क्यू टीम ने 57 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बोरवेल से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में निकाले गए आर्यन को एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एम्बुलेंस में दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आर्यन को बचाने के लिए प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमों ने कई प्रयास किए। शुरूआती



दो दिन में छह देसी तकनीकें विफल रहीं। इसके बाद बुधवार सुबह से पाइलिंग मशीन की मदद से समानांतर गड्ढा खोदा गया लेकिन मशीन खराब हो गई, जिससे ऑपरेशन में देरी हुई। रेस्क्यू टीम ने रॉड, रस्सी, अम्ब्रेला और रिंग उपकरण का उपयोग करके आर्यन को बाहर निकाला। हालांकि, प्रशासन बच्चे तक खाना और पानी पहुंचाने में नाकाम रहा। आर्यन की मां गुड्डी देवी ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन समय रहते बच्चे तक मदद पहुंचाने में विफल रहा। ग्रामीणों ने खुले बोरवेल की समस्या पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को टाला जा सके। उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर तीन बजे आर्यन घर से 100 फीट दूर खुले बोरवेल में गिर गया था। वह मां के साथ खेल रहा था लेकिन अचानक बोरवेल में जा गिरा। परिवार का कहना है कि बोरवेल तीन साल पहले खुदवाया गया था लेकिन मोटर फंसने के कारण इसे बंद नहीं किया गया। दौसा जिला अस्पताल के डॉक्टर दीपक शर्मा के अनुसार, अस्पताल पहुंचने पर आर्यन की ईसीजी और अन्य जांच की गईं लेकिन उसकी सांसें पहले ही थम चुकी थीं। डॉक्टरों ने रात करीब 12 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।

## चुनाव के बाद महिलाओं को 2100 दी जाएगी : केजरीवाल

▸ 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की आप सरकार महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देगी। इस योजना को महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को इस स्कीम का ऐलान किया। उन्होंने कहा योजना के लिए आज से ही रजिस्ट्रेशन शुरू किए जा रहे हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव के बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा। इससे पहले केजरीवाल ने ऑटो चालकों के लिए भी घोषणाएं की हैं। इसके अनुसार ऑटो चालक की बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपए दिए जाएंगे। होली-दीवाली पर वर्दी बनवाने के लिए ढाई-ढाई हजार रुपए देंगे। दस लाख रुपए का लाइफ इंश्योरेंस, पांच लाख का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कराया जाएगा। ऑटो चालकों के बच्चों की कोचिंग के लिए पैसा दिया जाएगा। आप सरकार की यह पांच गारंटी क्या असर डालती है यह आगामी विधानसभा चुनावों में ही नजर आएगा।

## पावरग्रिड ने 100 बिस्तरों वाले गर्ल्स हॉस्टल और टीचिंग ब्लॉक के निर्माण के लिए किया समझौता

एजेंसी

**गुरुग्राम।** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की 'महारत्न' कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के साथ गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर-14, गुरुग्राम में 100 बिस्तरों वाले गर्ल्स हॉस्टल और एक शिक्षण ब्लॉक के निर्माण तथा आईटी, चिकित्सा, संगीत उपकरणों की आपूर्ति के लिए दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौता ज्ञापनों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार),राव इंद्रजीत सिंह, माननीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, हरियाणा, राव नरबीर सिंह, पावरग्रिड के निदेशक (कार्मिक),डॉ. यतींद्र




द्विवेदी, कार्यपालक निदेशक (केंद्रीय संचार एवं विधि) ए. के. गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (सीएसएसआर), जसबीर सिंह तथा हरियाणा सरकार, पावरग्रिड और जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू पर एके मिश्रा, महाप्रबन्धक (एचआर-सीएसआर), उत्तरी क्षेत्र - क पावरग्रिड और अजय कुमार, डीसी सह संयुक्त सचिव, हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट द्वारा हस्ताक्षर किए गए। लड़कियों के छात्रावास एवं शिक्षण ब्लॉक के निर्माण तथा उपकरणों की आपूर्ति की कुल 20.38 करोड़ की अनुमानित लागत वाली ये सीएसआर पहलें, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और गुरुग्राम और उसके आसपास की छात्राओं के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे के सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगीं। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पावरग्रिड के व्यापार मॉडल में निहित है और यह संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों से संगत है। पावरग्रिड अपनी सीएसआर पहलों से देश भर में आर्थिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार योगदान दे रहा है। 30 नवंबर 2024 तक, पावरग्रिड 280 सब स्टेशनों, 1,78,975 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइनों और 5,45,961 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर संचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग के साथ, पावरग्रिड 99.80% की औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

### सोशल मीडिया की ताकत से डरे सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जनता की सोशल मीडिया की ताकत का खौफ सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को सताने लगा है और ये खौफ पिछले हफ़्ते हुए सेना के फॉरमेशन कमांडरों की बैठक में नजर आया। इस बैठक में सैन्य मुद्दों पर तो चर्चा की लेकिन ये बड़ा मुद्दा सोशल मीडिया और उसकी खबरों को लेकर भी था। पाकिस्तानी मीडिया को आईएसपीआर की तरफ भेजी गई जानकारी में इस बात का खुलासा हुआ। खास बात यह है उसे भी पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने झूठा और सेना के खिलाफ प्रोपोगेंडा बताया। जो कि उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा है। फेक न्यूज को लेकर जो उदाहरण दिया गया वह दिलचस्प था।

## 17 जघन्य मामलों में शामिल अंतरराज्यीय अपराधी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए, एनडीआर, क्राइम ब्रांच की एक समर्पित टीम को वांछित अपराधियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने का काम सौंपा गया था। इस ऑपरेशन में, दीपक नामक एक आरोपी की पहचान की गई,अपराधी का पता लगाने के लिए टीम ने अथक परिश्रम किया तथा मैनुअल एवं तकनीकी स्त्रोतों से सभी पहलुओं पर जानकारी एकत्रित की। लगातार प्रयास करने के पश्चात, जिसके दौरान टीमों ने कई ठिकानों पर छापेमारी की, कई व्यक्तियों से पूछताछ की तथा सैकड़ों कॉल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया गया, समर्पित टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी दीपक अपने जेल साथियों के संपर्क में है तथा उनसे मिलने ताहिरपुर, दिल्ली आएगा।



प्राप्त सूचना के आधार पर ताहिरपुर टी-पॉइंट, डीसीपी संजय कुमार सेन की निगरानी में एसीपी उमेश बर्थवाल की टीम ने जाल बिछाया और ताहिरपुर, दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया,आरोपी दीपक का आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का लंबा इतिहास रहा है और उसे पहले भी उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। आरोपी एक अंतरराज्यीय अपराधी है और उसके खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कुल सत्रह 17 मामले दर्ज हैं। आगे की पूछताछ जारी है।

## त्रिलोक पूरी में चली गोलियां दिल्ली में नहीं थम रही गोलीबारी

**नई दिल्ली।** देश को राजधानी दिल्ली में गोलीबारी को घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है आए दिन गोलीबारी घटनाएं सामने आ रही है, जिससे कानून व्यवस्था पर सीधा सवाल उठ रहा है ताजा मामला दिल्ली के त्रिलोक पूरी का है जहां पार्क में दोस्तों के साथ बैठकर आग सेक रहे युवक को बदमाशों ने 5 गोलियां मारी,घायल को मैक्स अस्पताल पटपड़गंज लाया गया, पुलिस को पीसीआर कॉल के माध्यम से घटना की जानकारी मिली, पुलिस ने शुरूआती जांच में इसे आपसी



रंजिश का मामला बताया हालांकि पुलिस ने तीन में से दो आरोपियों को किया गिरफ्तार कर लिया है और आगे पूछताछ जारी।

### ट्रंप ने शी जिनपिंग को किया आमंत्रित

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। 11 दिसंबर को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दावा किया कि ट्रम्प ने 5 नवंबर को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद चीनी नेता को निमंत्रण दिया था। रिपोर्ट में यह उल्लेख नहीं है कि चीनी राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार किया है या नहीं। इससे पहले एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने कहा था कि वह शी के साथ बहुत अच्छे थे और उनके बीच बातचीत हुई भी थी।

## इकलौते प्रशांत मिश्रा के मौत से पूरे परिवार में मातम

▸ चाचा पूर्व प्रधानाचार्य एवं भतीजे की अर्थी एक साथ उठी

एजेंसी

**मिजार्पुर ।** हलिया विकास खंड के राजपुर गांव निवासी आदि शक्ति इंटर कालेज के पूर्व प्राचार्य धर्मराज मिश्रा अपने भतीजे प्रशांत मिश्रा के मेजा तहसील किसी कार्य बस गए थे वापस लौटते समय गड़बड़ा पुल के पास मझिगवां में ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर घटना स्थल पर हि चाचा भतीजा की मौत हो गई है। उक्त घटना पर अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शशि भूषण दूबे कंचनीय, एवं ब्राह्मण एकता संगठन के कोआर्डिनेटर पं उमा कांत द्विवेदी ने स्व मिश्रा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। और ईश्वर से एक परिवार के दोनों की



आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवार को यह अपार दुःख सहन करने के शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना किया है। गौरतलब बात तो यह है कि प्रशांत मिश्रा अपने घर का इकलौता चिराग था जो आज बुझ गया उनके मौत से समूचे उपरौध क्षेत्र में गहरा दुःख व्याप्त है। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा है कि यह घटना बहुत हृदयाघात एवं हृदय विदारक है एक साथ एक परिवार के दो लोगों की असहनीय मौत से लोग मर्माहत है। हलिया ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख बुद्धिमान त्रिपाठी एडवोकेट, बापू उपरौध इण्टर मीडिएट कालेज लालगंज के प्रवंधक पं कृष्ण कान्त दूबे, किसान नेता पं राम आसरे शुक्ल, जिला पंचायत पूर्व सदस्य श्रीमती ऊषा प्रमोद त्रिपाठी, शिव प्रसाद संस्कृति महाविद्यालय ड्रमंड गंज के प्रवंधक इन्द्र देव मिश्र लाला, हलिया ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह एवं सुरेश दूबे, समाजवादी पार्टी के जिला सचिव शिव प्रसाद तिवारी,भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय, भाजपा नेता मनीष त्रिपाठी, गलरा के ग्राम प्रधान अरूण मिश्र, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाब शंकर तिवारी, अमर नाथ पांडेय, भाजपा नेता सुरेश कुमार दूबे, भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा दया शंकर तिवारी, हनुमान प्रसाद इण्टर मीडिएट कालेज रामपुर कलां के प्रवंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी, पूर्व अधिशासी अभियंता जल निगम पं शिव राम मिश्र, पूर्व उप प्रधानाचार्य अयोध्या प्रसाद यादव, उपरौध अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष चंद्र दंत त्रिपाठी एडवोकेट, अरूण त्रिपाठी एडवोकेट, केकेसी प्रदेश सचिव राकेश दंत त्रिपाठी एडवोकेट,अनिल शुक्ला एडवोकेट, बाल कृष्ण मिश्र एडवोकेट, रामेश्वर प्रसाद मिश्र एडवोकेट, आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## जिलाधिकारी ने वेंडिंग जोन का किया निरीक्षण

एजेंसी

**मीरजापुर ।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आयुक्त कार्यालय के सामने से पथरहिया मोड़ तक नगर पालिका द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन व टेम्पो स्टैण्ड का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान सड़को के किनारे दुकानदारो के द्वारा अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दुकानदारो को वेंडिंग जोन में तत्काल स्थल आवंटन करने का निदेश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को देते हुए सभी दुकानदारो को निर्देशित किया कि आज ही सांय तक अपनी दुकान




को आवंटित वेंडिंग जोन की दुकान पर लगा ले अन्यथा अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर द्वारा तत्काल एक-एक दुकान का नाम नोट करते हुए दुकानों को आवंटित किया गया तथा उक्त दुकानों को अपने स्टाफ के द्वारा आवंटित उनके स्थल पर लगवाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि तिराहे से ओवरब्रिज के नीचे रेलवे क्रासिंग के नीचे भी सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए भी वेंडिंग जोन बनाने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### विद्रोहियों ने असद के अब्बा की कब्र में लगा दी आग

**दमिश्क।** सीरिया में बशर-अल-असद की सत्ता जाने के बाद भी विद्रोहियों की नफरत कम नहीं हुई है। विद्रोहियों ने बुधवार को बशर-अल-असद के अब्बा हाफिज-अल-असद की कब्र को आग लगा दी। इसकी तस्वीरें भी वायरल कीं, जिनमें विद्रोही उनकी धधकती ताबूत के पास खड़े नजर आ रहे हैं। यह कब्र पश्चिमी सीरियाई प्रांत लताकिया में बनाई गई थी। असद के पिता और सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति हाफिज-अल-असद की 2000 में मौत हो गई थी।

## आत्मघाती हमले में मंत्री हक्कानी समेत 12 की मौत

एजेंसी

**काबुल।** काबुल में बीते रोज बड़ा आत्मघाती हमला हुआ, इसमें तालिबान सरकार के रिफ्यूजी मिनिस्टर खलील उर-रहमान हक्कानी सहित 12 लोगों की मौत हो गई। हमला मंत्रालय के अंदर हुआ। तीन साल पहले काबुल की सत्ता पर कब्जा करने वाले तालिबान के लिए यह गहरी चोट है। क्योंकि पहली बार सरकार के किसी बड़े नेता को निशाना बनाया गया है। सबसे खास बात, खलील हक्कानी तालिबान सरकार के गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा थे। सिराजुद्दीन को तालिबान की रीढ़ बताया जाता है। इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने नहीं ली है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर पोस्ट किया, हक्कानी की मौत बहुत बड़ी क्षति है। वे एक योद्धा थे, जिन्होंने अपना जीवन इस्लाम की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। इस्लामिक स्टेट से जुड़ा एक आतंकी संगठन तालिबान को अपना दुश्मन मानता है। वह लगातार पूरे अफगानिस्तान में हमले कर रहा है। सितंबर की शुरूआत में उसके आत्मघाती हमलावर ने दक्षिण-पश्चिमी काबुल में छह लोगों को बम से उड़ा दिया था और 13 लोगों को घायल कर दिया था। काबुल में आत्मघाती हमले पहले की तुलना में कम हुए हैं, लेकिन अब शिया मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है।

# नवाचार को सशक्त बनानाः स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के 7वें संस्करण का प्रभाव

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) नवाचार के एक ऐसे प्रतीक के रूप में उभरा है, जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को हल करने के लिए देश की सर्वोत्कृष्ट प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। यह सब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं था। वर्ष 2017 में स्थापना के बाद से, एसआईएच को प्रधानमंत्री के निरंतर प्रोत्साहन ने राष्ट्रीय गौरव के एक मंच पर पहुंचा दिया है। भारत के नवाचार से जुड़े इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता ने एसआईएच को देश भर के विद्यार्थियों के लिए जीवन को बदल देने वाले एक अवसर के रूप में रूपांतरित कर दिया है।

एसआईएच के सबसे प्रेरक पहलुओं में से एक है प्रतिभागियों को दिया जाने वाला अनूठा विशेषाधिकार - प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर। यह अद्वितीय अनुभव भारत के युवाओं की प्रतिभा को निखारने और देश को नवाचार एवं उद्यमशीलता का एक वैश्विक केन्द्र बनाने में प्रधानमंत्री की गहरी रुचि का प्रमाण है। स्टार्टअप की एक समृद्ध संस्कृति के निर्माण पर उनके निरंतर ध्यान ने लाखों युवा नवप्रवर्तकों को अपने सपनों को साकार करने और राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने हेतु सशक्त बनाया है। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) के 7वें संस्करण ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों के कारण ही दुनिया के सबसे बड़े हैकथॉन के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। इसमें व्यापक पैमाने पर की गई भागीदारी और प्रस्तुत किए गए विचारों की असाधारण गुणवत्ता हमारे शैक्षणिक संस्थानों की अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ देश के विद्यार्थियों की असीम रचनात्मकता, ऊर्जा और प्रतिभा को रेखांकित करती है। एसआईएच 2024 में, कुल 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) और उद्योगों द्वारा वास्तविक दुनिया की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करते हुए कुल 254 समस्या विवरण प्रदान किए गए हैं। इस वर्ष संस्थान के स्तर पर आंतरिक हैकथॉन में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो एसआईएच 2023 में 900 से बढ़कर एसआईएच 2024 में लगभग 2,247 हो गई है। इस प्रकार, यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण बन गया है। यह असाधारण वृद्धि युवा प्रतिभाओं को सार्थक परिवर्तन लाने हेतु सशक्त बनाते हुए माननीय प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने का एक प्रमाण है।

संस्थान के स्तर पर 86,000 से अधिक टीमों ने भाग लिया है और 49,892 टीमें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की दिशा में आगे बढ़ी हैं। एसआईएच 2024 में भागीदारी का यह पैमाना शैक्षणिक, औद्योगिक और सरकारी क्षेत्र में हासिल व्यापक उत्साह एवं विश्वास को दशार्ता है। ये रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियां उन विद्यार्थियों, मार्गदर्शकों और हितधारकों के सामूहिक प्रयासों को रेखांकित करती हैं, जो नवीन विचारों को प्रभावशाली समाधानों में बदलने के लिए एकजुट हुए हैं। एसआईएच का एक ऐसे परिवर्तनकारी मंच के रूप में काम करना जारी है, जो भारत के लिए एक बेहतर और अपेक्षाकृत अधिक रचनात्मक भविष्य बनाने के एक साझा मिशन को प्रेरित कर रहा है। एसआईएच का उद्देश्य मात्र प्रशंसा हासिल करना नहीं है। यह उद्यमशीलता का एक ऐसा लॉन्चपैड है, जो विद्यार्थियों को अपने विचारों को सफल उद्यमों में बदलने का अवसर प्रदान करता है। पिछले कुछ वर्षों में, एसआईएच से लगभग 100 स्टार्टअप निकले हैं। इनमें से कई स्टार्टअप महत्वपूर्ण सामाजिक एवं औद्योगिक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं। सफलता की ये कहानियां अनगिनत अन्य लोगों को बड़े सपने देखने और देश के नवाचार इकोसिस्टम में योगदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन विचारों को एक स्टार्टअप के तौर पर औपचारिक रूप देने में एआईसीटीई के युक्ति पोर्टल जैसे प्लेटफार्मों की भूमिका को कम करके आंका नहीं जा सकता। एक व्यवस्थित दृष्टिकोण एवं निरंतर समर्थन प्रदान कर-के, एसआईएच यह सुनिश्चित करता है कि उसके द्वारा बनाई गई नवाचार से जुड़ी पाइपलाइन ठोस एवं प्रभावशाली परिणाम दे। एसआईएच द्वारा प्रोत्साहित नवाचार की संस्कृति 2047 तक विकासशील भारत के सपने, जो माननीय प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, को साकार करने की दृष्टि से बेहद अहम है। एसआईएच के माध्यम से उत्पन्न समाधान न केवल तात्कालिक चुनौतियों को हल करते हैं बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन की नींव भी रखते हैं। एसआईएच की शुरूआत से ही इसके संपर्क में रहे प्रधानमंत्री मोदी की निरंतर भागीदारी सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यधिक प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रत्येक संस्करण के दौरान उनके संबोधन युवा प्रतिभाओं को सीमाओं से परे जाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। एसआईएच की सफलता ने पूरे भारत और उसके बाहर भी इसी तरह के हैकथॉन की लहर को प्रेरित किया है। सिंगापुर-भारत हैकथॉन, कवच हैकथॉन (गृह मंत्रालय के सहयोग से) और पेंटाथॉन जैसी पहलों ने एसआईएच से प्रेरणा ली है। ये आयोजन नवाचार के प्रभाव को और आगे बढ़ा रहे हैं और युवा प्रतिभों को रचनात्मकता एवं सरलता के साथ चुनौतियों से निपटने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। अब जबकि हम एसआईएच के 7वें संस्करण का उत्सव मना रहे हैं, यह स्पष्ट है कि यह पहल महज एक प्रतियोगिता से कहीं बढ़कर है - यह एक ऐसा आंदोलन है जो शिक्षा व उद्योग जगत और सरकार को जोड़ता है, जिससे सहयोगात्मक शिक्षण संभव हो पाता है। समस्या विवरण प्रस्तुत करने में मंत्रालयों, उद्योगों और विभागों की भागीदारी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में इस मंच के महत्व को दशार्ती है। यह आंदोलन शैक्षणिक संस्थानों, मार्गदर्शकों और प्रतिभागियों के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होता, जिनके समर्पण से एसआईएच को हर साल शानदार सफलता मिलती है। एसआईएच के आयोजकों की भी दिल से सराहना की जानी चाहिए, जिनकी सधी हुई योजना और कार्यान्वयन सभी हितधारकों के लिए एक निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करता है। प्रत्येक नए संस्करण के साथ, एसआईएच निरंतर मजबूत होता जा रहा है और भारत को नवाचार एवं उद्यमशीलता के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश रूप में स्थापित होने की दृष्टि से सशक्त बना रहा है। यह आयोजन एक दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित सामूहिक प्रयास के जरिए एक राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। आइए हम एक बेहतर कल के लिए नवाचार, सृजन और प्रयास जारी रखें - एक ऐसे भारत के लिए जो न केवल विकसित हो, बल्कि नवाचार और अवसर का प्रतीक भी हो। हम सब मिलकर 2047 तक विकासशील भारत का सपना साकार कर सकते हैं।



# मलाइका से ब्रेकअप के बाद बोले अर्जुन कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन में निभाए गए किरदार डेंजर लंका को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच प्यार को लेकर अर्जुन कपूर का एक बयान सामने आया है, जिसे सुनकर सभी हैरान रह गए। अर्जुन कपूर ने कहा कि उन्हें मान्यता मिलना अच्छा लगता है, चाहे प्रशंसक उन्हें उनके किरदार के नाम से बुलाएं या उनके काम के माध्यम से।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अर्जुन ने कहा, मैंने प्यार और सराहना पाने के लिए धैर्य और सम्मान के साथ लंबे समय तक इंतजार किया है। मुझे लगता है कि मेरे डेब्यू को बहुत प्यार मिला, कहीं न कहीं, मैं बस उस भावना को फिर से जगाना चाहता था। मैं बस एक दिन एक बार ले रहा हूं। चाहे वह इंटरव्यू में हो या आम लोग जो मुझे किरदार के नाम से बुलाते हैं। आप मान्य महसूस करना चाहते हैं। इसलिए मैं वास्तव में इस पल का आनंद ले रहा हूं। यही है प्रशंसकों की ऊर्जा, उत्साह और सच्चा प्यार। आपको अभी भी अगले अवसरों पर कड़ी मेहनत करनी है और अवसरों को जिम्मेदारी से चुनना है।

अर्जुन कपूर ने कहा, मैंने यह भी माना है कि मेरे लिए प्यार है। ऐसे लोग हैं जो मेरा उत्साह बढ़ाते हैं और मेरा समर्थन करते हैं। शायद यह बुराई पर अच्छाई की जीत से आता है। आखिरकार, इस दुनिया में कई अच्छे लोग हैं और जो आपका समर्थन कर रहे हैं। पिछले पांच साल मेरे लिए मुश्किल रहे हैं। अर्जुन कपूर ने 2012 में इश्कजादे से डेब्यू किया था और उसके बाद गुंडे, 2 स्टेट्स, फाइंडिंग फैनी, हाफ गर्लफ्रेंड, पानीपत, संदीप और पिंकी फरार, सरदार का ग्रैंडसन, भूत पुलिस, एक विलेन रिटर्न्स और कुत्ते जैसी फिल्मों में नजर आए। वह अब सिंघम अगेन की सफलता का जश्न मना रहे हैं, जिसमें उन्होंने खलनायक डेंजर लंका की भूमिका निभाई थी। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण जैसे सितारे शामिल हैं।



# बॉलीवुड के अलावा साउथ में बजेगा कियारा आडवाणी की फिल्मों का डंका

कियारा आडवाणी बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। कियारा की कई धांसू फिल्में आने वाली हैं, जिनमें से कुछ फिल्में बॉलीवुड की हैं तो वहीं कुछ फिल्में साउथ की हैं। आइए जानते हैं किन धमाकेदार फिल्मों में कियारा नजर आएंगी।

कियारा आडवाणी के पास कई आगामी प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें वे नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में निर्देशक फरहान अख्तर की डॉन 3, राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म वॉर 2 और हो सकता है कि कियारा भूल भुलैया 4 का भी हिस्सा बन सकती हैं।

राम चरण की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर, जिसकी रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। काफी लंबे समय बाद फिल्म का टीजर और ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया। फिल्म का गाना पहले ही धूम मचा चुका है। गेम चेंजर में राम चरण आईएएस ऑफिसर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में वो बाप और बेटे दोनों का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में कियारा आडवाणी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह पहली बार है जब राम चरण और कियारा आडवाणी एक साथ फिल्म में नजर आएंगे। गेम चेंजर 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी

डॉन 3 का निर्देशन फरहान अख्तर कर रहे हैं। इस बार डॉन में डॉन की भूमिका में रणवीर सिंह नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर के अलावा कियारा आडवाणी की एंट्री भी हो गई है। हालांकि, फिल्म कब रिलीज होगी अभी तक इसकी कोई रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन हो सकता है कि यह फिल्म 2025 को रिलीज हो जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार फिल्म की कहानी में डॉन कैसे बना डॉन पर बेस्ड होगी।

वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की जोड़ी नजर आएगी। ऐसा पहली बार है जब किसी फिल्म में ऋतिक के साथ जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। वॉर 2 का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं।

इन सभी फिल्मों के अलावा कियारा भूल भुलैया 4 में भी नजर आ सकती हैं। कियारा फिल्म भूल भुलैया 2 में भी थीं। भूल भुलैया 3 की आपार सफलता के बाद ही यह जानकारी सामने आई थी कि फिल्म का चौथा भाग भी आएगा। हालांकि फिल्म निर्माता-निर्देशकों की ओर से फिल्म के चौथे भाग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अगर भूल भुलैया 4 आती है तो जाहिर सी बात है कि उसमें कियारा नजर आ सकती हैं।



# कैमरे के पीछे वापस जाना चाहते हैं करण जौहर

फेमस फिल्म मेकर करण जौहर कैमरे के पीछे वापस जाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पुरानी तस्वीरों के साथ अपनी यह इच्छा जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर करण ने लिखा, कैमरे के पीछे, मेरी पसंदीदा जगह..वापस आने का इंतजार नहीं कर सकता। इस नोट के साथ उन्होंने सेट से अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वे अपनी कई फिल्मों का निर्देशन करते दिखाई दे रहे हैं। पहली ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर में, करण को निर्देशक के मॉनिटर को देखते हुए देखा जा सकता है, जबकि अनिल कपूर कुर्सी पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में करण को सेट पर ऋतिक रोशन के साथ बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। आखिरी तस्वीर में करण रणबीर के साथ दिखाई दे रहे हैं, जो उनकी पिछली निर्देशित फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से है।

बता दें कि करण की यह पोस्ट उनके अगले निर्देशन की ओर इशारा करती है, जिसकी घोषणा उन्होंने अपने जन्मदिन पर की थी। अपने जन्मदिन पर करण ने फिल्म के ड्राफ्ट को पकड़े हुए अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। उनके करियर पर नजर डालें तो करण जौहर ने शाहरुख अभिनीत कुछ-कुछ होता है से अपने निर्देशन की यात्रा शुरू की थी। इसमें शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और काजोल ने साथ काम किया। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और निर्देशकों की बड़ी लीग में सभी स्टार ने अपनी जगह पक्की कर ली। बाद में करण ने शाहरुख के साथ कई प्रोजेक्ट पर काम किया और उन्होंने कभी खुशी, कभी गम, कल हो ना हो और माई नेम इज खान जैसी कई हिट फिल्में बनाई। 2012 में उन्होंने तीन नए कलाकारों आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा को मुख्य भूमिका में लेकर स्टूडेंट ऑफ द ईयर का निर्देशन किया। 2016 में उन्होंने रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय के साथ ऐ दिल है मुश्किल का निर्देशन किया। इसके बाद करण जौहर ने निर्देशन से लंबा ब्रेक लिया और फिर 2023 में रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ निर्देशन में वापसी की।

# बीहड़ों की डकैत बनीं मोनालिसा, नए शो में दिखेगा खूंखार अंदाज



अभिनेत्री मोनालिसा जल्द ही नए शो में नजर आएंगी, नाम है प्रेम लीला। अभिनेत्री इस शो में बीहड़ों की डकैत का रोल अदा कर रही हैं। हाथों में बंदूक थामे उन्होंने शूटिंग की तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, बीहड़ो की डकैत है, वो बेरहम और खूंखार जिसके लिए लीला है इंतकाम का हथियार। मोनालिसा के किरदार का नाम रुद्राक्षी है। यह शो 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है और दंगल टीवी पर प्रसारित होगा।

# भेड़िया 2 में कैमियो पर श्रद्धा कपूर ने तोड़ी चुप्पी



श्रद्धा कपूर ने इस साल अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 से दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया। वहीं, अब हर किसी की निगाहें श्रद्धा के आगामी प्रोजेक्ट्स पर टिकी हुई हैं। स्त्री 3 को तो लेकर श्रद्धा अपडेट दे ही चुकी हैं। इसी बीच वह वर्तमान में सऊदी अरब में चल रहे रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 का हिस्सा बनीं और एक स्पष्ट बातचीत में शामिल हुईं।


इस दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्मों को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे किए। इस इंटरव्यू में श्रद्धा कपूर से भेड़िया 2 में उनके कैमियो को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया, यह तो समय ही बताएगा कि मैडॉक की किसी अन्य फिल्म में मेरा कोई और कैमियो आएगा या नहीं। श्रद्धा कपूर ने भविष्य की फिल्मों की घोषणाओं का भी संकेत दिया।

### आगामी फिल्मों पर जल्द देंगी अपडेट

श्रद्धा कपूर ने कहा, लेकिन, बहुत जल्द मैं उन फिल्मों को साझा करूंगी जो मैं कर रही हूं, जिनकी शूटिंग मैं अगले साल करूंगी। विशेष रूप से, उनके निखिल द्विवेदी की नागिन में अभिनय करने की खबर है और शूटिंग 2025 में शुरू होगी। द्विवेदी ने नागिन को लेकर कहा था, आप काफी अलौकिक और अलग फिल्म देखेंगे।

### स्त्री 3 पर लग चुकी है पक्की मुहर

इससे पहले, श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 के को स्टार राजकुमार राव ने संकेत दिया था कि भेड़िया 2, स्त्री 3 से पहले रिलीज हो सकती है। उन्होंने पुष्टि की थी कि निर्देशक अमर कौशिक के पास स्त्री फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त की योजना है। राजकुमार राव ने कहा था, बनेगी, निश्चित रूप से बनेगी और कोशिश करेंगे पार्ट 1 और 2 से भी बेहतर बने।



# सनी देओल ने अनाउंस की रामायण में अपनी एंट्री

सनी देओल, नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में नजर आएंगे। एक्टर फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर ये भी अफवाहें थी कि वो इस फिल्म में भगवान हनुमान का रोल प्ले करेंगे। इसी बीच एक्टर ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म को लेकर कई खुलासे किए हैं। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म रामायण रिलीज से पहले ही काफी चर्चा में है। सनी देओल ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत के दौरान फिल्म रामायण के बारे में कुछ खुलासे किए। एक्टर ने खुद कंफर्म किया कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं। हालांकि उन्होंने अपने किरदार के बारे में अब तक कोई जानकारी शेयर नहीं की है।

### ये एक लंबा प्रोजेक्ट है

सनी ने आगे बताया कि मेकर्स की फिल्म को लेकर क्या प्लानिंग है। एक्टर ने कहा- 'ये एक लंबा प्रोजेक्ट है, क्योंकि मेकर्स इसे अवतार और प्लेनेट ऑफ द एप्स जैसी फिल्मों की तरह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राइटर और प्रोड्यूसर इस बारे में बहुत क्लियर हैं कि फिल्म को किस तरह से बनाया जाना है और किरदारों को कैसे प्रेजेंट करना है।

### स्पेशल इफेक्ट को लेकर की बात

सनी ने कहा- 'फिल्म में आपको स्पेशल इफेक्ट्स भी देखने को मिलेंगे, जो आपको ये यकीन दिलाएंगे कि ये घटनाएं सच में घटित हुई हैं, आपको ऐसा नहीं लगेगा कि ये सिर्फ स्पेशल इफेक्ट्स के कारण हो रहा है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि ये बहुत बढ़िया फिल्म होगी और मुझे यकीन है कि हर कोई इसे पसंद करेगा।'



### यश ने खुद बताया था कि वो रावण का रोल निभा रहे हैं

कुछ समय पहले यश भी द हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए एक इंटरव्यू इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि वो फिल्म रामायण में रावण का रोल निभा रहे हैं। उन्होंने कहा था, 'एक एक्टर के तौर पर मेरे लिए रावण का किरदार निभाना बहुत ही रोमांचक है। मुझे उनके किरदार की बारीकियां बहुत पसंद हैं।'

### लक्ष्मण का किरदार निभाएंगे रवि दुबे

टीवी एक्टर रवि दुबे ने भी अपने रोल का खुलासा कर दिया है। कनेक्ट सिने से बातचीत के दौरान रणबीर कपूर के साथ काम करने का एक्सपीरिएंस शेयर किया था। साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताते हुए कहा था- मैं फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभा रहा हूं। आखिरकार मुझे अपने किरदार के बारे में कुछ भी शेयर करने के लिए प्रोड्यूसर्स से परमिशन मिल गई।



कुछ समय पहले प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की थी। साथ ही उन्होंने लिखा था- 'मैंने इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने के लिए एक महान खोज शुरू की थी। जिसने 5000 वर्षों से अधिक समय तक अरबों दिलों पर राज किया है। मैं इसे खूबसूरती से आकार देते हुए रोमांचित हूं। हमारी टीम का केवल एक ही उद्देश्य है- हमारे इतिहास, हमारी सच्चाई और हमारी संस्कृति- हमारे रामायण का सबसे प्रामाणिक, पवित्र रूप दुनियाभर के लोगों के सामने पेश करना।' हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम अपने महानतम महाकाव्य को गर्व और श्रद्धा के साथ जीवंत करने के अपने सपने को पूरा कर रहे हैं।

### साल 2026 में आएगा फिल्म का पहला पार्ट

फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे और पल्लवी माता सीता का किरदार निभाएंगी। वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी, जिसका पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगा और दूसरा पार्ट 2027 में रिलीज होगा।

# मोहियापुर व बादौली गांव में चला प्राधिकरण का पीला पंजा, 4 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण हटाओ टीम ने दो



ग्राम के अधिसूचित क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए 4 करोड़ की भूमि को भू-माफिया के चंगुल से बचा लिया। इस दौरान प्राधिकरण की टीम पर अतिक्रमणकारियों द्वारा पथराव एवं मारपीट करने का मामला भी सामने आया। प्राधिकरण के आला-अफसरों द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

वर्क सर्किल-9 के अन्तर्गत ग्राम मोहियापुर में एक खसरा की अधिसूचित भूमि के लगभग 2 हजार वर्गमीटर पर हो रहे अनाधिकृत निर्माण को प्राधिकरण के वर्क सर्किल-9 की टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से हटवाया गया। यहां पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से भूमि की चारदिवारी का निर्माण कराया जा रहा था। कब्जा मुक्त कराये गये भूमि की लागत लगभग 4 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त वर्क सर्किल-10 के अन्तर्गत ग्राम बदौली के एक खसरा पर लगभग 8700 वर्गमीटर भूमि पर व्याप्त अतिक्रमण उन्मूलन की कार्यवाही की गई। यहां पर भू-माफियाओं द्वारा नोएडा प्राधिकरण की अर्जित व कब्जा प्राप्त भूमि पर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा था। जिसको पूर्व में प्राधिकरण के पुलिस बल व वर्क सर्किल के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ध्वस्त किया गया था, परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा पुनः उक्त खसरे पर चारदिवारी निर्माण कार्य आरम्भ किया गया। जिस पर बीती 26 नवंबर को प्राधिकरण पुलिस बल व वर्क सर्किल स्टाफ द्वारा उक्त निर्माण को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान सुरेन्द्र प्रधान, सुधीर चौहान, कन्हैया जाटव, आशीष चौहान, अशोक चौहान व अन्य 20-25 व्यक्तियों द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही बाधित की गई थी। इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा आज पुनः उक्त अतिक्रमण ध्वस्तीकरण का प्रयास किया गया, जिसको सुरेन्द्र प्रधान, सुधीर चौहान, कन्हैया जाटव, आशीष चौहान, अशोक चौहान आदि व्यक्तियों एवं उनके समर्थकों द्वारा कार्यवाही का विरोध किया गया।

इस संबंध में संबंधित अवर अभियन्ता (सिविल) द्वारा डायल-112 पर उक्त घटना की शिकायत दर्ज करायी गई तथा संबंधित थाना नॉलेज पार्क-3, ग्रेटर नोएडा में उक्त घटना के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर भी दी गई है।

सैनी इंडिया ने बाउमा कॉनएक्सपो-2024

# 'चैरियट ऑफ डेवलपमेंट' थीम के साथ दिखाई विकास की नई दिशा




**नोएडा (चेतना मंच)।** सैनी इंडिया ने बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में अपने स्टॉल का उद्घाटन करते हुए 'चैरियट ऑफ डेवलपमेंट' थीम के तहत अपने योगदान को प्रस्तुत किया। इस थीम के माध्यम से सैनी इंडिया ने 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के लक्ष्य में अपनी भूमिका और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने योगदान पर जोर दिया है।

सैनी इंडिया के सीओओ (सेल्स, मार्केटिंग और कस्टमर सपोर्ट) संजय सक्सेना ने कहा कि हमारे थीम 'चैरियट ऑफ डेवलपमेंट' का उद्देश्य यह दिखाना है कि आधुनिक कंस्ट्रक्शन उपकरण कैसे भारत को विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में मदद कर सकते हैं। सैनी इंडिया उन्नत तकनीकों, ईंधन-कुशल मशीनों और पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक उपकरणों के साथ बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में, सैनी इंडिया द्वारा इंटेलिजेंट सिस्टम और हाइब्रिड पावर मोड से लैस क्रेन, मल्टीफ़ंक्शन पाइलिंग रिग, और ऑपरेटर की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई खुदाई करने वाली मशीनों को प्रदर्शित किया गया हैं।

# सपा नेताओं को किसानों से मिलने से रोका, बरेली में अर्द्धनग्न प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर में हुए किसान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए जेल में बंद किसानों से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को मिलने नहीं दिया और ग्रेटर नोएडा में परी चौक से ही वापस लौटा दिया। बाद में सपा नेताओं की डीएम के साथ वार्ता कराई गई। इस प्रतिनिधिमंडल में तीन सांसदों समेत कुल 16 नेता शामिल थे। सपा नेताओं के दौरे को लेकर भारी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया था। इससे पहले कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को भी पुलिस ने किसानों से मिलने नहीं दिया था। उधर जनपद दिवानी एवं फौजदारी बार एसो. ने भी पुलिस प्रशासन को बड़ी चेतावनी दी है। गौतमबुद्धनगर के गिरफ्तार किसानों के समर्थन में यूपी के बरेली में भी किसान संगठन ने अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, गुरुवार को समाजवादी पार्टी नेताओं को प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा पहुंचा। इसमें सपा सांसद लालजी वर्मा, सांसद हरेंद्र मलिक, सांसद नरेंद्र उत्तम पटेल और विधायक कमाल अख्तर, गौतमबुद्धनगर के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश सचिव फकीरचंद नागर, प्रदेश

## गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन ने दी बड़ी चेतावनी रोकेंगे पुलिस की एंट्री








सचिव गजराज नागर, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सिंह यादव, संसद का चुनाव लड़ चुके महेंद्र नागर, विधायक का चुनाव लड़ चुके सुधीर चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी, नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंद्र प्रधान, जेवर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके नरेंद्र नागर और जिला महासचिव सुधीर तोमर समेत जिले के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। परी चौक पर ही पुलिस ने सपा नेताओं के काफिले को रोक लिया। यहां पुलिस और सपा नेताओं के बीच लुक्जर जेल जाने को लेकर हलकी नोकझोंक भी हुई, लेकिन पुलिस ने कहा कि किसी भी हालत में किसानों से मिलने नहीं दिया जाएगा।

जेल में बंद किसानों से नहीं मिलने के बाद सपा नेताओं ने दावा किया कि प्रतिनिधिमंडल में शामिल बड़े नेताओं ने किसानों के परिवारों से मुलाकात करके उन्हें आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ है। सपा के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजी जाएगी।

उधर जनपद दिवानी एवं फौजदारी बार एसो. ने भी पुलिस प्रशासन को बड़ी चेतावनी दी है। बार एसो. के अध्यक्ष उमेश भाटी ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने किसानों की मांगों को दमनकारी नीतियों के तहत अनसुना करते हुए हिटलरशाही रवैया अपनाया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे किसानों को जबरन हिरासत में लिया गया, जिसमें कई अधिवक्ताओं को भी अवैध रूप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई के विरोध में जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन (गौतमबुद्धनगर) के अधिवक्ताओं ने किसानों का समर्थन किया है। अधिवक्ता पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर हैं। पुलिस प्रशासन वकीलों को जेल में बंद किसानों से नहीं मिलने दे रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक वकीलों की मुलाकात किसानों से नहीं कराई गई तो जिला अदालत में पुलिस की एंट्री बंद कर दी जाएगी और यदि किसानों का किसी तरह का अत्याचार किया गया है तो प्रदेश भर में वकील बड़ा आंदोलन करेंगे।

किसानों के समर्थन में किसान एकता संघ बरेली के सदस्यों ने भी घंटाघर से लेकर पटेल चौक तक अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। किसान नेता रवि नागर ने कहा कि जेल में बंद किसानों को जल्द रिहा किया जाए। देश के किसानों की आवाज को दबाया जाना ठीक नहीं है।

# फोटो ग्राफी प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाला हेड कांस्टेबल सम्मानित



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने 67वीं यूपी पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रोफेशनल फोटोग्राफी में गोल्ड, घटनास्थल निरीक्षण में सिल्वर, हुलिया बयान व वीडियोग्राफ़ी में ब्रॉन्ज पदक जीतने पर फील्ड यूनिट प्रभारी पवन गौतम को प्रशस्ति पत्र व 11,000 के पुरस्कार से सम्मानित किया।

पवन गौतम ने लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में यह मेडल जीतकर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने है0का0 पवन गौतम की प्रशंसा करते हुए कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का नाम ऐसे ही रोशन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कमिश्नर ने रांची में आयोजित होने वाली 68वीं आल इंडिया वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2025 में भी प्रतिभाग करने लिए पवन गौतम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पेंशनधारक जीवित प्रमाण-पत्र जमा कराएं

**नोएडा (चेतना मंच)।** पेंशनधारकों को जल्द ही जीवित प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतमबुद्धनगर शिखा गुप्ता ने बताया कि उ0प्र0 सरकार के पेंशनरों के द्वारा वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किये जान की व्यवस्था है, जो कि अगले एक वर्ष तक प्रभावी रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुये बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अवना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से या जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से भी प्रेषित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र की वैधता माह दिसम्बर 2024 में समाप्त हो रही है। ऐसे सभी पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र तत्काल भरें, जिससे उनकी माह दिसम्बर 2024 नियमित की जा सके। उन्होंने बताया वर्तमान में 204 पेंशनरों की पेंशन जीवित प्रमाण पत्र न भरने के कारण रूकी हुयी है, यदि पेंशनर अत्यअधिक बीमार/आने- जाने में पूर्णतः असमर्थ हैं, तो ऐसे पेंशनर के परिजन कोषागार में सम्पर्क कर सकते है, जिससे उक्त के अनुपालनार्थ उनके जीवित रहने का सत्यापन उनके निवास पर जाकर किया जा सके।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जनपद के समस्त सम्मानित पेंशनरों से कहा कि वे अपना जीवित प्रमाण पत्र शीघ्र भरने का कष्ट करें, जिससे उनकी पेंशन बाधित न हो व जनपद के शाखा प्रबन्धकों से भी कहा कि पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र यथा समय कोषागार कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उन्होंने बताया कि पेंशनरों को उनकी पेंशन का भुगतान जीवित प्रमाण पत्र भरने के पश्चात उसी दिन किया जा रहा है।

# चौड़ा, छलैरा, नया बांस व सेक्टर-7 में ठेकों का आबकारी विभाग ने किया निरीक्षण

**नोएडा (चेतना मंच)।** ज़िला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जनपद की आबकारी टीम द्वारा नयाबांस,सेक्टर-7, चौड़ा रघुनाथपुर, छलैरा स्थित देशी, विदेशी, बियर एवं मॉडल शॉप की दुकानों का निरीक्षण करते हुए गहनता से चेकिंग की गयी। सभी दुकानों पर नियमों को सुनिश्चित कराने के साथ ही दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज करवाया गया।




निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री न हो साथ ही सभी दुकानों पर CCTV रिकॉर्डिंग सहित संचालित हो रही हैं या नहीं सुनिश्चित किया जा रहा हैं। चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत आज दिनांक 12/12/2024 को

